
सुमीत बाजार TM
खूबसूरती तीज की,
साड़ी सुमीत की
79
UTSAV
OFFER
15th August to 31st August
₹3499 की
खरीदी पर
LAWMAN Pg3 TRAVEL GEAR
₹1799 की
किंग साईज
डबल बेडशीट सेट
₹79 में
₹4499 की
खरीदी पर
NAUTICA
₹3999 वाली
प्रीमियम ब्रांडेड
डफल बैग
₹79 में
₹6999 की
खरीदी पर
integriti HOME
टॉवेल गिफ्ट सेट
2 बॉथ टॉवेल
+
2 नेपकीन
₹79 में
₹11999 की
खरीदी पर
₹4999 & above वाली
प्रीमियम ब्रांडेड
4 व्हील ट्रैवल ट्रॉली
सूटकेस
₹79 में
*नियम व शर्तें लागू
छत्तीसगढ़ – रायपुर • बिलासपुर • भिलाई • दुर्ग • राजनांदगांव • डोंगरगढ़ • भाटापारा • सिमगा • बेमेतरा • कवर्धा आरंग • महासमुंद • सराईपाली
नयापारा राजिम • कांकेर • कोंडागांव • खरोरा • बालोद • धमतरी • बागबाहरा मध्यप्रदेश – बालाघाट • धामनोद उड़ीसा – खरियार रोड • नुआपाड़ा

## खबर संक्षेप




### किसानों को अरहर बीज का मिनी किट वितरित

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम खैरखूँट में कृषि विभाग द्वारा दलहन, तिलहन को बढ़ावा देने किसानों को अरहर बीज का मिनी किट वितरण क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा के हाथों किया गया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गौरव मुकीम ने बताया कि शासन द्वारा दलहन तिलहन की खेती को प्रोत्साहित करने धान के अलावा दलहन, तिलहन का खेती करने की सलाह दी गई। इन फसलों की खेती करने से जमीन को भरपूर मात्रा में उर्वरक शक्ति मिलेगा। वितरण अवसर पर सरपंच यशोदा साहू, पूर्व सोसायटी उपाध्यक्ष भरत वर्मा, पूर्व सरपंच शिवकुमार हनुमंता,पंच सांतनु साहू, अमर सिंह साहू, शिवनारायण, सेवाराम साहू, संत राम साहू, गुनु राम साहू, संतोष मानिकपुरी, कृषक मित्र धनसिंग साहू,तुलसी राम, रवि यादव आदि उपस्थित थे।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाएं, नौजवान, समाजिक लोगों ने लिया भाग

# मछुआरा जागरूकता सम्मेलन में महिला शिक्षा पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



ग्राम पलौद में मछुवारा जागरूकता सम्मेलन संघ के अध्यक्ष गायत्री गायगवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाजिक महिलाएं, नौजवान साथियों, समाजिक लोगो ने भाग लिया। सम्मेलन में महिला शक्तिकरण देखने को मिला। इस अवसर पर पलौद महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ममता धीवर ने महिलाओं को राजनीतिक, शिक्षा, रोजगार, खेल, सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। पुरुषोत्तम धीवर प्रदेश माहामंत्री ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा जब समाज में युवा, महिला संगठित होकर अपने अधिकार के लिए बढ़ते हैं तो समाज में बदलाव सुनिश्चित होता है। इस अवसर पर गायत्री गायग्वाल अध्यक्ष राष्ट्रीय मछुवारा संघ, पुरुषोत्तम धीवर प्रदेश महामंत्री, ओमप्रकाश धीवर महासचिव, तारामति ओझा अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, हेमा धीवर उपाध्यक महिला प्रकोष्ठ, शंकर धीवर कोषाध्यक्ष धीवर समाज पलौद, तेजराम धीवर सचिव, श्रवण धीवर, नोहर धीवर, लाला धीवर पंच, आनंद धीवर, शांतनु धीवर, चंद्रशेखर धीवर, उल्लास धीवर, ममता धीवर महिला अध्यक्ष धीवर समाज पलौद, रुक्मणि धीवर सचिव, धनेश्वरी धीवर कोषाध्यक्ष, पार्वती धीवर सहसचिव, अनीता धीवर उपकोषाध्यक्ष, संतोषी धीवर पंच, अनीता धीवर पंच, चैती धीवर संरक्षक महिला प्रकोष्ठ, मुकेश धीवर सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

### अक्टूबर में रायपुर में होगा सम्मेलन

इस अवसर पर गायत्री गायग्वाल द्वारा 5 अक्टूबर को रायपुर में होने वाले विशाल मछुवारा सम्मेलन में शामिल होने के लिए निवेदन करते हुए कहा कि छ.ग. में मछुवारा समाज जाति के आधार पर तीसरे स्थान पर है और हमारा राजनीति में भागीदारी नहीं के समान है, हमारे समाज के साथ राजनीतिक पार्टियां भेदभाव करती आ रही है और हमे अपने अधिकार से वंचित रखा है। अब यह अन्याय ज्यादा दिन नहीं चलेगा अब समाज जाग रहा है अपने अधिकार के लिए यह लड़ाई हर गांव, हर गली, हर घर तक पहुंच गई है। हम सब को एकजूट होकर आगे बढ़ना है, संगठन ही हमारा ताकत है। उन्होंने समाज के लोगो से सम्मेलन में अधिक संख्या में सम्मिलित होकर सम्मेलन को सफल बनाने हेतु निवेदन किया।

# बालिकाओं को गुड और बेड टच की दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

स्थानीय बद्रीनारायण बगड़िया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा के हाल में कक्षा नवमीं से 12वीं तक की अध्ययनरत लगभग 150 बालिकाओं को महिला बाल विकास विभाग तिल्दा नेवरा की परियोजना अधिकारी रंजना ठाकुर के मार्गनिदेर्शन में सुपरवाइजर मोनिका, पार्वती ,व रानी सोनी के द्वारा गुड टच बेड टच बालिका पढ़े बालिका बढ़े, बालिकाओं को पोषण स्वास्थ्य ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जानकारी दी गई।उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता तिल्दानेवरा नगर पालिका की वार्ड पार्षद रानी सौरभ जैन, मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन व विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा व विशिष्ट अतिथि सौरभ जैन थे। अतिथियों ने बालिकाओं से कहा कि वह अपनी स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित समस्याएं व अन्य जो भी जानकारियां प्राप्त करना चाहते हैं उनके समक्ष रखें।वह अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करके जीवन में अपनाएं। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती सुषमा रानी दुबे ,अल्का मिश्रा किरण साहू ,तक्षशिला खाखा ,कांति बड़ा और सविता वर्मा ने बालिकाओं का मार्गदर्शन किया साथ ही विभिन्न उदाहरणों और प्रश्नों के माध्यम से उनकी जिज्ञासा शांत की। उक्त कार्यक्रम विद्यालय की रेड क्रॉस प्रभारी श्रीमती कुसुम नाग और हेल्थ केयर की वोकेशनल ट्रेनर सुश्री खुशबू रामटेके की सहभागिता से संपन्न हुआ।

# विधायक ने वीमेन फार ट्री कैपेनिंग की शुरुआत की

**सिलयारी।** गुरुवार नगर पंचायत खरोरा में गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नई पहल की शुरुआत हुई। विधायक अनुज शर्मा ने वीमेन फार ट्री कैपेनिंग का शुभारंभ करते हुए पौधारोपण कर अभियान की औपचारिक शुरुआत की। अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल के अंतर्गत अमृच मिशन एवं डे-एनयूएलएम योजनाओं के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इसके तहत नगर पंचायत खरोरा की चार महिला स्वसहायता समूहों को चार अलग-अलग स्थलों पर पौधारोपण और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रत्येक समूह आगामी एक वर्ष तक पौधों की देखभाल करेगा, जिसके लिए उन्हें नियमित प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि /"एक पेड़ माँ के नाम/" एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा।

# खुशवंत गुरु बने मंत्री विकास को मिलेगी गति



**आरंग।** आरंग विधायक गुरु खुशवन्त साहेब को छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर जनपद सदस्य प्रीतम कुमार साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे ऐतिहासिक निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि आरंग विधान सभा क्षेत्र अब विकास की नई ऊँचाइयों को छुएगा। मंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने से यहां के अधूरे कार्यों को गति मिलेगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में नई योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता को प्राप्त होगा।प्रीतम कुमार साहू ने आगे कहा कि गुरु खुशवन्त साहेब ने सदैव जनहित को सर्वोपरि रखते हुए काम किया है। उनकी सोच ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के संतुलित विकास की है। मंत्री पद पर रहते हुए निश्चित ही आरंग विधानसभा प्रदेश के विकास मानचित्र में और अधिक चमकेगी।

# सरस्वती सायकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवर



सायकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिले।स्थानीय बद्रीनारायण बगड़िया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में कक्षा नवमीं की 55 बालिकाओं को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत निःशुल्क साइकिल का वितरण शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा , तिल्दा नेवरा नगर पालिका की वार्ड पार्षद रानी सौरभ जैन, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य डॉक्टर लक्ष्मण साहू, आनंद शर्मा, अमित अग्रवाल ,बेबी गोस्वामी अनीता सक्सेना, सौरभ जैन , सागर पंजवानी ,प्रियंक सोनी गणेश शर्मा दिलहरण निषाद ,सुरेश लखवानी द्वारा किया गया।

समस्त सदस्यों ने बालिकाओं का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए उन्हें साइकिल सौंपी। साइकिल पाकर बालिकाओं का मन खुशियों से झूम उठा।इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा ने कहा कि आप सब बालिकाएं अच्छा पढ़ें और आगे बढ़े।पार्षद रानी सौरभ जैन ने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजना ने उन बालिकाओं का विद्यालय में पढ़ना आसान बना दिया है जो घर व शाला की दूरी ज्यादा होने पर अपनी पढ़ाई करने नहीं आ पाती हैं।सौरभ जैन ने बालिकाओं से कहा कि जिस तरह शासन आप सभी की सुविधाओं निःशुल्क साइकिल ,निःशुल्क पाठ्य पुस्तक आदि उपलब्ध करा रहा है आप इन योजनाओं का लाभ लेते हुए परीक्षाओं में अच्छे अंकों से पास होकर अपना व माता-पिता का नाम रोशन करें।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश चंदानी सहित वरिष्ठ व्याख्याता जितेंद्र कुमार जेहोआश, खूब चंद कश्यप ,चुरामन लाल निषाद श्रीमती सुषमा दुबे , अल्का मिश्रा ,किरण साहू, टी खाखा ,कांति बड़ा ,सविता वर्मा उपस्थित रहे। साइकिल वितरण के कार्यक्रम का संचालन साइकिल वितरण प्रभारी भगवान सिंह नेताम व नरेंद्र रात्रि के मार्ग निर्देशन में नवमीं की कक्षा शिक्षिकाओं कुसुम नाग और खुशबू रामटेके के सहयोग से किया गया। प्राचार्य डॉ राजेश चंदानी ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।

## नाम परिवर्तन

**शपथपत्र**

मैं, याज्वेंद्र साहू, सुपुत्र अनिल साहू, निवासी म.नं. एन 00132, नियर गुड लक प्लास्टि फैक्टरी, संतोषी नगर, रायपुर छत्तीसगढ़, शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूँ किः

1. यह कि मैं उपरोक्त शपथकर्ता हूँ और भारत का नागरिक हूँ।
2. यह कि, मेरे जन्म के समय मेरे जन्म प्रमाण-पत्र में मेरा नाम याज्वेंद्र साहू दर्ज किया गया था।
3. यह कि सभी व्यावहारिक, शैक्षणिक और आधिकारिक उद्देश्यों के लिए मेरा नाम हमेशा से याषीश साहू रहा है। यह नाम मेरे आधार कार्ड कक्षा 10वीं और 12वीं की अंकसूची, बैंक खाते, और अन्य आधिकारिक दस्तावेजों में अंकित है।
4. यह कि, याज्वेंद्र साहू और याषीश साहू एक ही व्यक्ति के नाम हैं, और वह व्यक्ति मैं स्वयं हूँ।
5. यह कि, मुझे भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए याषीश साहू के नाम से ही जाना जाएगा।
6. यह कि, मैं यह शपथ-पत्र सक्षम अधिकारियों के समक्ष, याषीश साहू के नाम पर मेरा पासपोर्ट जारी करवाने के उद्देश्य से, प्रस्तुत करने के लिए बनवा रहा हूँ।
7. मैं घोषणा करता हूँ कि इस शपथ पत्र की सभी बातें मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है।

शपथकर्ता

-: सत्यापन :-

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 07 में वर्णित कथन मेरी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक - 07.08.2025

याषीश
शपथकर्ता

# टीचर्स एसोसिएशन ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रायपुर संभाग प्रभारी देवनाथ साहू, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकला एवं अध्यक्ष हरीश दीवान के मार्गदर्शन में आरंग ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल मांझी के नेतृत्व में 21 अगस्त को बीईओ आरंग दिनेश शर्मा के माध्यम से कमिश्नर रायपुर संभाग, डीपीआई लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग रायपुर के नाम शिक्षक एलबी ई एवं टी संवर्ग की पदोन्नति माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर करने एवं अन्य मांगों का ज्ञापन सौपकर 31 अगस्त तक पदोन्नति न होने की स्थिति मे 1 सितम्बर को जेडी कार्यालय का घेराव करने का अल्टीमेटम दिया। ब्लॉक अध्यक्ष हरीश दीवान, कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल मांझी जिला चोवाराम चंद्राकर, गुहा राम निषाद, उपाध्यक्षगण के.पी. साहू, मुरारी लाल साहू, टीकाराम सिन्हा, किशन मंडावी, महासचिव भगवती प्रसाद सोनी ने बताया कि विगत 3वर्षों से पदोन्नति न होने से संभाग के शिक्षक एलबी ई एवं टी संवर्ग मे भारी आक्रोश व्याप्त है।

31 अगस्त तक संभाग के माध्यमिक शाला प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति नहीं की जाती है तो एक सितंबर को संयुक्त संचालक शिक्षा कार्यालय रायपुर का घेराव किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष आरंग हरीश दीवान, कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल मांझी, जिला संयोजक इंद्रजीत वर्मा जिला प्रचार मंत्री घनश्याम साहू, सुनील पटेल ओमप्रकाश साहू, छत्रधर दीवान, अभिषेक तिवारी, पोखन साहू, जगदीश ध्रुव, चित्रा देवांगन सहित प्रान्त, जिला एवं ब्लॉक के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## न्यायालय तहसीलदार, आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

**राजस्व प्रकरण क्रमांक ... ..ब/121**
**ग्राम भिलाई**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक घनाराम साहू पिता श्री घसिया राम साहू ग्राम भिलाई तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र/पुत्री/पिता/माता/दादा/दादी स्वयं के जन्म दिनांक 17.03.1965 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म को आदेश जारी करने की मांग किया है। ताकि जन्म का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय मे दिनांक **27/08/2025** तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक **12/08/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया ।

(मुहर)

**तहसीलदार**
**आरंग (छ.ग.)**

## आम सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने वाके मौजा- टिकरापारा प.ह.नं. - 70, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित मकान नं. - 881, प्रॉपटी यूनिक आईडी - RPR650800145 एक्सल टॉवर गली, धरमनगर पचपेडी नाका थाना टिकरापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित नजूल / आबादी भूमि मय कच्चा मकान निर्मित है जो भूमि विक्रेता केजू राम निषाद पिता स्व. शेरू निषाद निवासी - 39/881, शा. प्राथमिक शाला के बाजू धरम नगर पचपेडी नाका थाना टिकरापारा जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर नगर निगम रायपुर छ.ग. के अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा का निष्पादन कर लिया गया है, और अग्रिम प्रतिफल राशि का भुगतान भी कर दिया गया है, विक्रय विलेख का पंजीयन किया जाना शेष है ।

अतएव उक्त संव्यवहार से किसी भी निम्न किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय, निकाय, वित्तीयसंस्थाए इत्यादी किसी भी प्रकार का स्वामित्व संबंधि आपत्ति हो तो मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज सहित उपस्थित आपत्ति दर्ज करा सकते है समयावधि व्यतीत होने के उपरांत मेरा पक्षकार विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन के लिए अग्रसर होगा । पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा ।

सो सूचना जाने

रायपुर छ.ग.
दिनांक-19/08/2025

**भवदीय**
**खिलेश्वर साहू (अधिवक्ता)**
**निवास/कार्यालय बिझवारिन चौक, शीतला मंदिर के पास, केनाल रोड, लालपुर, रायपुर (छ.ग.) 492015**
**मो. 9098535294, 9098133555**

## :: आम सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विमेलश मिश्रा पिता स्वः श्री जगदीश प्रसाद मिश्रा निवासी-सी.एच.-479, वीर सावरकर नगर हीरापुर, टाटीबंध, रायपुर छ.ग. ने विक्रेता मोहन सिंग मक्कड़ पिता श्री नानक सिंग मक्कड़ निवासी-डी-78, सेक्टर-05, देवेन्द्र नगर, रायपुर छ.ग. के आधिपत्य एवं स्वामित्व की आवासीय परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 241/45 का भाग रकबा 700 वर्गफुट जो कि वाके मौजा जरवाय उर्फ हीरापुर, प.ह.नं.- 35, रा.नि.मं.-रायपुर-2, हीरापुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि उक्त विक्रेता को अदा कर दिया गया है मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है। अतः उपरोक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी व्यक्ति, निगम, बैंक, वित्तीय संस्थान, अर्द्धशासकीय, शासकीय संस्था पारिवारिक सदस्य आदि को उपरोक्त भूमि के स्वत्व, संव्यवहार एवं आधिपत्य के संबंध में कोई उजर, दावा एवं आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में सूचना प्रकाशन के तिथि से 07 दिनों के भीतर लिखित आपत्ति मयदस्तावेज प्रस्तुत कर पावती लेवें एवं आमसूचना के द्वारा खंडन मान्य नही होगा । बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होगा व अवैध व शून्य माना जावेगा। म्याद अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की शेष राशि अदा कर पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा । सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :-21.08.2025

**(सी.पी. वर्मा)**
**(विनय वर्मा )**
**अधिवक्तागण**
**शिव मंदिर के सामने, महोबा बाजार, रायपुर छ.ग. पिन कोड-492099**
**मो.नं.7999854624 9827163014**

## आम सूचना

**ग्राम - धनेली -दो प.ह.नं. 81 रा.नि.मं. - रायपुर - 18 - कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि के संबंध में**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमती कोमल बाई धर्मपत्नि श्री समित कुमार भाटिया निवासिनी - दलदलसिवनी रोड रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम धनेली - दो प.ह.नं. 81 रा.नि.मं.- रायपुर- 18- कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में नगर निगम सीमा के बाहर स्थित खसरा नंबर 2/92 रकबा 0.0833 हे. को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है तथा जिसका पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय - अर्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर, दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 20/08/2025

**हरनामदास सुंदरानी, कौशलेन्द्र तिवारी**
**अनंत तिवारी (अधिवक्तागण)**
**लिबर्टी जम्बो फोटो कापी सेंटर, कचहरी चौक, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 98261-81154**







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सीएस जैन के सेवाकाल को पूरे हुए 36 साल, बतौर मुख्य सचिव सबसे लंबा कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय प्रशासनिक सेवा 1989 बैच के अधिकारी रहे छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन के शासकीय सेवा में 36 साल पूरे हो गए हैं। श्री जैन ने 21 अगस्त 1989 से शासकीय सेवा में कदम रखा था। इसके बाद से अब तक उनका सेवाकाल 36 साल का पूरा हो गया है। खास बात ये है कि श्री जैन छत्तीसगढ़ के ही मूल निवासी हैं। वे अविभाजित दुर्ग जिले के निवासी रहे हैं। आईएएस बनने के बाद प्राथमिक रूप से शासकीय सेवा में आने के बाद वे रायपुर जिले के कलेक्टर भी रहे हैं। राज्य शासन में वे विभिन्न पदों पर रहते हुए नौकरशाही के प्रमुख पद राज्य के मुख्य सचिव बने। श्री जैन मुख्य सचिव के नियमित पद से जुलाई में रिटायर हो चुके हैं। शासन ने उन्हें 3 माह की सेवावृद्धि दी है। वर्तमान में वे मुख्य सचिव के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। राज्य की नौकरशाही में उन्हें सरल व्यक्तित्व वाले कर्मठ और ईमानदार अधिकारी के रूप में जाना जाता है। छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में मुख्य सचिव बनाए गए थे। 2023 में भाजपा सरकार आने के बाद भी वे अपने पद पर सभी दायित्वों का निर्वहन करते रहे। यही नहीं, वे राज्य में सबसे लंबे समय तक मुख्य सचिव के रूप में सेवाएं देने वाले पहले अधिकारी भी हैं।

## भारतीय प्रशासनिक सेवा 1989 बैच के अधिकारी हैं अमिताभ जैन



### ढांड और सिंह ने भी पूरे किए 36 साल

प्रदेश में आईएएस की सर्वाधिक सर्विस का रिकार्ड विवेक ढांड और अजय सिंह के नाम है। 1981 बैच के अफसर श्री ढांड ने 2018 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी। उन्होंने 36 साल 6 महीने तक प्रशासनिक सेवाएं दीं उनके बाद अजय सिंह मुख्य सचिव बनाए गए। उन्होंने 1983 में ज्वाइनिंग दी थी तथा वे 36 साल पांच महीने तक प्रशासनिक पदों पर रहे।

### मुख्य सचिव रहते हुए पौने पांच साल

सेवानिवृत्त अफसर विवेक ढांड एवं अजय सिंह सर्विस के मामले में भले ही आगे रहे हों, मगर बतौर मुख्य सचिव अमिताभ जैन का कार्यकाल ही सबसे अधिक रहा और उन्होंने रिकार्ड बना दिया। सितंबर 2025 तक उनका एक्सटेंशन है। मुख्य सचिव रहते उन्हें पौने पांच साल हो चुके हैं। केंद्र सरकार ने अगर उनका कार्यकाल बढ़ा दिया तो वे पांच साल का कार्यकाल भी पूरा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसदों ने की उपराष्ट्रपति उम्मीदवार राधाकृष्णन से मुलाकात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसदों ने नई दिल्ली में उप राष्ट्रपति पद के एनडीए प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस दौरान उप राष्ट्रपति उम्मीदवार श्री राधाकृष्णन ने अपने पक्ष में समर्थन करने की अपील की। मुलाकात में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू सहित संतोष पाण्डेय, विजय बघेल, बृजमोहन अग्रवाल, रूपकुमारी चौधरी, महेश कश्यप, राधेश्याम राठिया, भोजराज नाग, चिंतामणि महाराज, कमलेश जांगड़े और देवेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

### नए मंत्रियों को मंत्रालय में कक्ष आवंटित

**रायपुर।** साय मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही तीनों नए मंत्रियों को मंत्रालय में कक्ष का आवंटन जीएडी ने कर दिया। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को मंत्री ब्लॉक के तीसरे फ्लोर पर कक्ष क्रमांक 8 से 12, गुरु खुशवंत साहेब को मंत्री ब्लॉक के प्रथम तल पर कक्ष क्रमांक 1 से 5 और राजेश अग्रवाल को चौथे फ्लोर पर कक्ष क्रमांक 23 से 26 आवंटित कर दिया गया है। कक्ष आवंटन के बाद अब मंत्री अपने विभाग का पदभार ग्रहण करेंगे। शपथ ग्रहण के बाद दूसरे दिन मंत्री अपने-अपने क्षेत्र रवाना हो गए। गजेंद्र यादव दुर्ग शहर में अपने समर्थकों के साथ मंत्री बनने के बाद लोगों से मुलाकात करते रहे। वहीं गुरु खुशवंत ने भंडारपुरी धाम और गिरौधपुरी धाम में जाकर मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। वहीं राजेश अग्रवाल अंबिकापुर रवाना हो गए जहां पर मंत्री बनने के बाद वहां के लोगों से मुलाकात की।

### डॉ. निर्वाणी बने प्रदेश संयोजक

रायपुर। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बलाबावा मंदिर के प्रतिष्ठित पुजारी



देव कुमार बालादास ने छत्तीसगढ़ के युवा सनातन सेवक एवं धर्मप्रचारक डॉ. सौरभ निर्वाणी को छत्तीसगढ़ प्रदेश पुजारी पुरोहित संघ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। इसके अलावा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने डॉ. निर्वाणी को मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा का राज्य प्रभारी बनाते हुए तीनों राज्यों में संगठन विस्तार, प्रांताध्यक्षों की नियुक्ति तथा संघ के कार्यों के सुव्यवस्थित संचालन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौंपी है।

**नाम परिवर्तन**
**शपथपत्र**

मैं, याज्वेंद्र साहू, सुपुत्र अनिल साहू, निवासी म.नं. एन 00132, नियर गुड लक प्लास्टि फैक्टरी, संतोषी नगर, रायपुर छत्तीसगढ़, शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूँ किः

1. यह कि मैं उपरोक्त शपथकर्ता हूँ और भारत का नागरिक हूँ।
2. यह कि, मेरे जन्म के समय मेरे जन्म प्रमाण-पत्र में मेरा नाम याज्वेंद्र साहू दर्ज किया गया था।
3. यह कि सभी व्यावहारिक, शैक्षणिक और आधिकारिक उद्देश्यों के लिए मेरा नाम हमेशा से याषीश साहू रहा है। यह नाम मेरे आधार कार्ड कक्षा 10वीं और 12वीं की अंकसूची, बैंक खाते, और अन्य आधिकारिक दस्तावेजों में अंकित है।
4. यह कि, याज्वेंद्र साहू और याषीश साहू एक ही व्यक्ति के नाम हैं, और वह व्यक्ति मैं स्वयं हूँ।
5. यह कि, मुझे भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए याषीश साहू के नाम से ही जाना जाएगा।
6. यह कि, मैं यह शपथ-पत्र सक्षम अधिकारियों के समक्ष, याषीश साहू के नाम पर मेरा पासपोर्ट जारी करवाने के उद्देश्य से, प्रस्तुत करने के लिए बनवा रहा हूँ।
7. मैं घोषणा करता हूँ कि इस शपथ पत्र की सभी बातें मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है।

शपथकर्ता

-: सत्यापन :-

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 07 में वर्णित कथन मेरी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक - 07.08.2025
याषीश
शपथकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार, आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
**राजस्व प्रकरण क्रमांक ... ..ब/121**
**ग्राम भिलाई**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक घनाराम साहू पिता श्री घसिया राम साहू ग्राम भिलाई तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र/पुत्री/पिता/माता/दादा/दादी स्वयं के जन्म दिनांक 17.03.1965 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म को आदेश जारी करने की मांग किया है। ताकि जन्म का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय मे दिनांक **27/08/2025** तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया ।

(मुहर) **तहसीलदार आरंग (छ.ग.)**

## राज्य स्तरीय भू-वैज्ञानिक कार्यक्रम मंडल छत्तीसगढ़ के रजत महोत्सव की 25वीं बैठक

# खनिज संसाधन राज्य और देश के सर्वांगीण विकास की रीढ़ : दयानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद ने कहा, खनिज किसी भी राज्य और देश के सर्वांगीण विकास की रीढ़ होती है। राज्य में स्ट्रेटजिक एवं क्रिटिकल मिनरल की खोज राज्य में विकास के एक नए युग की शुरुआत का संकेत देती है। उन्होने कहा, छत्तीसगढ़ में खनिज अधारित नये उद्योगों की स्थापना के लिए राज्य में विद्यमान विभिन्न खनिजों का सतत एवं व्यवस्थित तरीके से अन्वेषण किया जाना चाहिए।

बैठक में उपस्थित अन्वेषण कार्यों से संबद्ध सभी विभागों एवं संस्थानों से यह आग्रह किया गया कि छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए वे अपनी कुशलता, संसाधन एवं उपलब्ध नवीनतम तकनीकियों का उपयोग कर प्रदेश में पाये जाने वाले महत्वपूर्ण खनिजों का अन्वेषण करें। मुख्यमंत्री के सचिव और खनिज सचिव दयानंद ने छत्तीसगढ़ में खनिज के विकास के लिए कार्य करने वाली एजेंसियों के मध्य समन्वय स्थापित किये जाने की सलाह दी। राज्य स्तरीय भू-वैज्ञानिक कार्यक्रम मंडल छत्तीसगढ़ की रजत महोत्सव के रूप में 25वीं बैठक सिविल लाइन स्थित न्यू सर्किट हाऊस में किया गया था। समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि पिछले वित्तीय वर्ष में प्रदेश को खनिज राजस्व के रूप में लगभग 15 हजार करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है। यह उपलब्धि वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 34 प्रतिशत अधिक है। छत्तीसगढ़ राज्य में खनिज अन्वेषण एवं खनिज दोहन के क्षेत्र में कार्यरत भारत सरकार एवं राज्य सरकार के विभागों एवं संस्थानों के द्वारा वर्ष 2024-25 में किये गये भू-वैज्ञानिक कार्यों की समीक्षा की गई।

वही प्रदेश में पाये जाने वाले खनिजों की खोज के लिए प्रस्तावित भू-वैज्ञानिक कार्यों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में संचालक भौमिकी तथा खनिकर्म रजत बंसल के द्वारा क्षेत्रीय सत्र 2024-25 में सम्पन्न कार्यों की जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्ष 2024-25 में लगभग 2500 मिलियन टन चूनापत्थर एवं लौह अयस्क के लगभग 93 मिलियन टन भण्डार आंकलित किये गये। आगामी क्षेत्रीय सत्र 2025-26 के अन्वेषण परियोजनाओं में विभाग द्वारा महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों को शामिल किया गया है। यह परियोजना देश के लिए आवश्यक खनिज संसाधनों की दिशा में एक निर्णायक कदम होगा।




### भारत सरकार ने स्वीकृत किया अन्वेषण प्रोजेक्ट

*खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में एनएमइटी के तहत वर्ष 2024-25 में चूनापत्थर एवं बाक्साइट के लिए 1-1 अन्वेषण परियोजना की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसमें एक लिथियम, नियोबियम, टेण्टेलम, टाईटेनियम दुर्लभ मृदा धातुएं एवं एक लौह अयस्क के प्रस्ताव सम्मिलित है। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के उप महानिदेशक डॉ. अमित धारवारकर द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में बाक्साइट, गोल्ड, ग्लूकोनाइट, लिथियम, टाईटेनियम दुर्लभ मृदा धातुएं, फास्फोराइट, फ्लोराइट, लेड एवं जिंक खनिज के लिए सर्वेक्षण कार्य किया गया है। वर्ष 2025-26 में विभिन्न खनिजों के कुल 29 परियोजनाओं पर कार्य लिया जा रहा है।*

# औषधीय पादप बोर्ड और लघु वनोपज संघ मिलकर करें कच्चे उत्पादों का विपणन- वनबल प्रमुख



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड, रायपुर एवं लघु वनोपज संघ के साथ मिलकर कच्चे उत्पादों के विपणन से संबंधित कार्य किया जाए। छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा संचालक मंडल की नवमी बैठक में यह निर्देश बोर्ड के सदस्य एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक तथा वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव ने दिए हैं।

### अध्यक्ष ने कहा, मिलेगा पूरा सहयोग

बैठक में अध्यक्ष के द्वारा अपने उद्बोधन में उल्लेख किया गया कि छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड, रायपुर को मंत्री, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा संपूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा तथा बोर्ड ऑफिस के द्वारा कार्यों को अच्छे व पूर्ण रूप से निर्वाह किया जावे । बैठक में बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड व अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे ।

### राव ने पेश किया पिछली बैठक का पालन प्रतिवेदन

संचालक मंडल की बैठक में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएसीएस राव ने छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के संचालक मंडल के आठवी बैठक में लिए गए निर्णय का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया,तथा बोर्ड द्वारा किए जा रहे प्रचलित कार्य औषधीय पौधा रोपण, कृषिकरण उपरांत विपणन एवं होम हर्बल गार्डन, स्कूल हर्बल गार्डन की स्थापना तथा वैद्य प्रशिक्षण सह सम्मेलन कार्य, इकोलॉजीकल सर्वे, स्थानीय पारंपरिक वैद्यों एवं ग्रामीणों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम, समुदाय से समुदाय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई । बैठक में नवीन एजेण्डा का मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा रखा गया, जिसे समस्त सदस्यों के द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

### बोर्ड की बैठक में शामिल हुए ये अधिकारी

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा संचालक मंडल की नवमी बैठक गुरुवार को विकास मरकाम, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड, रायपुर के सभागार में संपन्न हुई जिसमें बोर्ड के सदस्य व्ही. श्रीनिवास राव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, तपेश कुमार झा, निदेशक, राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, अनिल कुमार साहू, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य लघु वनोपज संघ, सीबी. लोढेकर, अपर संचालक, कृषि, राजेश्वरी शुक्ला, अपर संचालक वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, डॉ. अभ्युदय शक्ति तिवारी, सहायक संचालक, आयुष, प्रणय मिश्रा, संयुक्त सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कंचन बंजारे, स्टेट इंचार्ज, एफआरएलएचटी, बेंगलुरु उपस्थित हुए।

## एकमुश्त राशि मिलेगी

# अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों की संतानों का बढ़ा शिक्षा भत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पदस्थ अखिल भारतीय सेवाओं से संबंधित अधिकारियों की संतानों के लिए शिक्षा भत्ता संबंधी आदेश केंद्र सरकार ने जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि संशोधित वेतन संरचना के अंतर्गत महंगाई भत्ते में 50% की वृद्धि होने पर बाल शिक्षा भत्ते और छात्रावास सब्सिडी की सीमा स्वतः ही 25% बढ़ जाएगी।

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में राज्य के सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागायुक्त, सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किया है। कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के परिपत्र के मुताबिक 1 जनवरी 2024 से संशोधित दर पर संतान शिक्षा भत्ता की प्रतिपूर्ति स्वीकृत किया गया है। अधिकारियों से कहा गया है कि संतान शिक्षा भत्ता की प्रतिपूर्ति दावा सीधे संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को प्रस्तुत करें।

### भत्ते में इतनी वृद्धि

इस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा आदेश में कहा गया है कि संशोधित वेतन संरचना के अंतर्गत महंगाई भत्ते में 50 प्रतिशत की वृद्धि होने पर बाल शिक्षा भत्ते और छात्रावास सब्सिडी की सीमा स्वतः ही 25 प्रतिशत बढ़ जाएगी। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को देय महंगाई भत्ते में 50 प्रतिशत वृद्धि के परिणामस्वरूप स्वीकार्य बाल शिक्षा भत्ते और छात्रावास सब्सिडी की राशि के संबंध में विभिन्न क्षेत्रों से संदर्भ प्राप्त हो रहे हैं।

### छात्रावास सब्सिडी के लिए संशोधित दरें

केंद्र के आदेश में कहा गया है कि बाल शिक्षा भत्ते की प्रतिपूर्ति की राशि 2812.5- प्रतिमाह निश्चित होगी और छात्रावास सब्सिडी 28437.5- प्रति माह निश्चित होगी, चाहे सरकारी कर्मचारी द्वारा किए गए वास्तविक व्यय कुछ भी हों। सरकारी कर्मचारियों के दिव्यांग बच्चों के लिए बाल शिक्षा भत्ते की प्रतिपूर्ति सामान्य दरों से दोगुनी दर 25625- प्रति माह पर देय होगी। सरकारी कर्मचारियों द्वारा किए गए वास्तविक व्यय पर ध्यान दिए बिना, मासिक निश्चित राशि दी जाएगी।

# रायपुर पश्चिम के वार्डों को मिलेगा नया रूप प्लानिंग बैठक में तय हुआ विकास का खाका

## विधायक राजेश मूणत ने कहा, प्लानिंग का आधार फैक्ट और जरूरत आधारित हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम विधानसभा के वार्डों के सुनियोजित और समग्र विकास के लिए गुरुवार को महात्मा गांधी सदन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रायपुर पश्चिम विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने की। इस मौके पर निगम अधिकारियों ने जोन 8 के वार्डों का वार्ड एक्शन प्लान का प्रस्तुतिकरण दिया। इसमें क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था, सड़कें, भूमि का उपयोग और तालाब की स्थिति, नालियों की संरचना और सफाई व्यवस्था को रेखांकित किया। बैठक में महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर आयुक्त उमाशंकर अग्रवाल सहित जोन आयुक्त व निगम अधिकारी मौजूद रहे।

शहर के सुव्यवस्थित विकास के लिए नगर निगम दस जोन स्थित 70 वार्डो का वार्ड एक्शन प्लान बनवा रहा है। नगर निगम से पैनल्ड आर्किटेक्ट ने इसके लिए वार्ड पार्षद के साथ मिलकर वार्डवार सर्वे कर लोगों की जरूरत के हिसाब से वार्ड विकास की रूपरेखा तैयार किये हैं। यह प्लान विधानसभा वार तैयार है। इसी कड़ी में रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्डो के समग्र विकास का खाका तैयार करने विधायक राजेश मूणत ने बैठक ली। बैठक में प्रस्तुतिकरण के दौरान बताया गया कि वीर सावरकर वार्ड करीब 9 किलोमीटर क्षेत्र में फैला है, जहां वर्तमान में 9,000 मकान हैं। भविष्य में यह संख्या बढ़कर 13000 तक पहुंच सकती है। क्षेत्र में 33,000 मीटर नालियों का निर्माण हो चुका है, जबकि अभी भी 16,000 मीटर अतिरिक्त नालियों की आवश्यकता है। साथ ही, प्लास्टिक कचरा, प्रकाश की व्यवस्था, ऑटो स्टैंड, पब्लिक लाइब्रेरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैसी सुविधाओं की ज़रूरत पर भी ध्यान दिया गया। इस मौके पर विधायक राजेश मूणत ने कहा वार्ड की वर्तमान स्थिति का विस्तृत सर्वे जरूरी है, जिसमें सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, स्कूल, आंगनबाड़ी और खेल मैदान और भूमि उपयोग की जानकारी हो। उन्होंने कहा कि प्लानिंग का आधार केवल डिमांड नहीं, बल्कि फैक्ट और ज़रूरत आधारित होना चाहिए। श्री मूणत सुझाव दिया कि एक वार्ड को आदर्श मॉडल वार्ड के रूप में विकसित कर पायलट प्रोजेक्ट की तरह लागू किया जाए। बैठक में शामिल महापौर मीनल चौबे ने विधायक राजेश मूणत के विचारों से सहमति जताते हुए कहा कि प्लानिंग की प्रक्रिया गूगल मैप या ऑफिस डेस्क तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि फील्ड पर आधारित वास्तविक आंकड़ों के सर्वे की जरूरत है।



# भाजपा ने कहा- नए विधेयक पर राहुल का बयान निंदनीय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने गंभीर आपराधिक आरोप में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्री के लगातार 30 दिनों तक जेल में रहने की स्थिति में स्वतः पद से हटाने के प्रावधान वाले संसद में प्रस्तुत 130वें संविधान संशोधन विधेयक को लेकर कांग्रेस के विरोध पर जमकर निशाना साधा है। श्री ठोकने ने कहा कि इस विधेयक से जनप्रतिनिधियों में नैतिक आचरण का आग्रह बढ़ेगा।

श्री ठोकने ने गुरुवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए इस विधेयक को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान को निंदनीय बताया जिसमें गांधी ने जो राजा चाहे वही कानून कहकर इस विधेयक का विरोध किया है। श्री ठोकने ने कहा, यह कहने से पहले राहुल गांधी को यह नहीं भूलना चाहिए कि यूपीए शासनकाल में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार के जनप्रतिनिधियों से जुड़े एक अध्यादेश को भरी प्रेस कांफ्रेंस में फाड़कर राहुल गांधी ने अपने आपको राजकुमार बताने का काम किया था। इसी प्रकार कांग्रेस पार्टी ने कई बार विरोधी दलों की सरकार को आर्टिकल 356 का उपयोग करके गाहे-बगाहे बर्खास्त करके सामंती आचरण प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार ने लोकतंत्र के गौरव व मर्यादा की रक्षा के लिए लगातार कार्य किया है।

श्री ठोकने ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के हालिया बयानों के मद्देनजर कहा, श्री बघेल व श्री बैज अपने संगठन की दुर्दशा पर विचार करना छोड़ भाजपा और प्रदेश सरकार पर कटाक्ष करते आ रहे हैं। श्री ठोकने ने सवाल किया कि क्या श्री बघेल और श्री बैज ने विधानसभा, लोकसभा, नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों में हुई लगातार हार की समीक्षा की है। क्या कारण है कि कांग्रेस को लगातार हार का मुंह देखना पड़ रहा है।

### संयुक्त संचालक ने की केंद्र सरकार की योजना की समीक्षा

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थिति छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के सभागार में गुरुवार को संयुक्त संचालक रेणु शेखावत ने केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना सहकार से समृद्धि की विभिन्न पहल की गहन समीक्षा की। समीक्षा के बाद श्रीमती शेखावत ने धान उपार्जन केंद्र में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा लगाया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में पैक्स कंप्यूटराइजेशन, कॉमन सर्विस सेंटर, एम पैक्स, पीएम कृषि केंद्र, विशाल अन्न भंडारण, पीएम जनऔषधि केंद्र, एफपीओ आदि योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रगति तथा समस्याओं के व्यावहारिक निराकरण के लिए सार्थक सुझाव दिए।



**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने वाके मौजा- टिकरापारा प.ह.नं. - 70, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित मकान नं. - 881, प्रॉपटी यूनिक आईडी - RPR650800145 एक्सल टॉवर गली, धरमनगर पचपेडी नाका थाना टिकरापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित नजूल / आबादी भूमि मय कच्चा मकान निर्मित है जो भूमि विक्रेता केजू राम निषाद पिता स्व. शेरू निषाद निवासी - 39/881, शा. प्राथमिक शाला के बाजू धरम नगर पचपेडी नाका थाना टिकरापारा जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर नगर निगम रायपुर छ.ग. के अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा का निष्पादन कर लिया गया है, और अग्रिम प्रतिफल राशि का भुगतान भी कर दिया गया है, विक्रय विलेख का पंजीयन किया जाना शेष है ।

अतएव उक्त संव्यवहार से किसी भी निम्न किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय, निकाय, वित्तीयसंस्थाए इत्यादी किसी भी प्रकार का स्वामित्व संबंधि आपत्ति हो तो मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज सहित उपस्थित आपत्ति दर्ज करा सकते है समयावधि व्यतीत होने के उपरांत मेरा पक्षकार विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन के लिए अग्रसर होगा । पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा ।

सो सूचना जाने

रायपुर छ.ग.
दिनांक-19/08/2025

भवदीय
**खिलेश्वर साहू (अधिवक्ता)**
**निवास/कार्यालय बिझवारिन चौक, शीतला मंदिर के पास, केनाल रोड, लालपुर, रायपुर (छ.ग.) 492015**
**मो. 9098535294, 9098133555**

**:: आम सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विमेलश मिश्रा पिता स्वः श्री जगदीश प्रसाद मिश्रा निवासी-सी.एच.-479, वीर सावरकर नगर हीरापुर, टाटीबंध, रायपुर छ.ग. ने विक्रेता मोहन सिंग मक्कड़ पिता श्री नानक सिंग मक्कड़ निवासी-डी-78, सेक्टर-05, देवेन्द्र नगर, रायपुर छ.ग. के आधिपत्य एवं स्वामित्व की आवासीय परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 241/45 का भाग रकबा 700 वर्गफुट जो कि वाके मौजा जरवाय उर्फ हीरापुर, प.ह.नं.- 35, रा.नि.मं.-रायपुर-2, हीरापुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि उक्त विक्रेता को अदा कर दिया गया है मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है। अतः उपरोक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी व्यक्ति, निगम, बैंक, वित्तीय संस्थान, अर्द्धशासकीय, शासकीय संस्था पारिवारिक सदस्य आदि को उपरोक्त भूमि के स्वत्व, संव्यवहार एवं आधिपत्य के संबंध में कोई उजर, दावा एवं आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में सूचना प्रकाशन के तिथि से 07 दिनों के भीतर लिखित आपत्ति मयदस्तावेज प्रस्तुत कर पावती लेवें एवं आमसूचना के द्वारा खंडन मान्य नही होगा । बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होगा व अवैध व शून्य माना जावेगा। म्याद अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की शेष राशि अदा कर पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा । सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :-21.08.2025
**(सी.पी. वर्मा)**
**(विनय वर्मा )**
**अधिवक्तागण**
**शिव मंदिर के सामने, महोबा बाजार, रायपुर छ.ग. पिन कोड-492099**
**मो.नं.7999854624 9827163014**

**आम सूचना**

**ग्राम - धनेली -दो प.ह.नं. 81 रा.नि.मं. - रायपुर - 18 - कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि के संबंध में**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमती कोमल बाई धर्मपत्नि श्री समित कुमार भाटिया निवासिनी - दलदलसिवनी रोड रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम धनेली - दो प.ह.नं. 81 रा.नि.मं.- रायपुर- 18- कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में नगर निगम सीमा के बाहर स्थित खसरा नंबर 2/92 रकबा 0.0833 हे. को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है तथा जिसका पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय - अर्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर, दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 20/08/2025
**हरनामदास सुंदरानी, कौशलेन्द्र तिवारी**
**अनंत तिवारी (अधिवक्तागण)**
**लिबर्टी जम्बो फोटो कापी सेंटर, कचहरी चौक, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 98261-81154**




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# पैरासिटामोल सहित तीन और दवाएं अमानक, अस्पतालों में खप चुकी खेप, तब मंगाया जा रहा वापस

## एक्सपायरी डेट नजदीक होने के कारण वापस मंगाई जा रही दवाओं की खेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन द्वारा सप्लाई की जा रही दवाओं के अब मानक होने का सिलसिला हमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को तीन प्रकार की दवाओं को उपयोग और वितरण पर रोक लगाने के आदेश जारी कर दवा गोदाम रायपुर में भेजने के आदेश हुए हैं। इन दवाइयों के निर्माता 9 एम लिमिटेड तथा हीलर्स लैब हैं। इन सभी दवाइयों का निर्माण 2023-2024 में हुआ है और कालातीत होने का समय निकट आ चुका है। ऐसे में यह कहा जा रहा है कि इन दवाइयों की बड़ी खेप मरीजों को वितरित की जा चुकी हैं। इन दवाओं की एक्सपायरी डेट नजदीक होने और कुछ ही मात्रा में स्टॉक बचने के बाद इन्हें वापस मंगाया जा रहा है। जिन दवाओं को अमानक पाते हुए बैन किया गया है, उनमें से अधिकतर का प्रयोग वायरल तथा सर्दी-जुकाम के इलाज में होता है। सूत्रों के मुताबिक, बारिश के मौसम में इन दवाओं की खपत बढ़ जाती है। बारिश के शुरुआती माह में ही इन दवाओं का प्रयोग बड़ी मात्रा में हो चुका है। ऐसे में जिन दवाओं को अमानक पाते हुए गोदाम भेजने के आदेश दिए गए हैं, उनकी कम ही मात्रा स्टॉक में शेष है।

### ये दवाएं पाई गईं अमानक

- पैरासिटामोल 650 एमजी बैच क्रमांक 24045
- पैरासिटामोल 500 मिलीग्राम बैच नंबर 23547 व 240320
- एसिक्लोफिनेक 100 मिलीग्राम व पैरासिटामोल 325 मिलीग्राम



सरकारी अस्पतालों की दवाओं में शिकायतें, डिपो में वापसी के बाद ठंडी पड़ी जांच

जांच के लिए लैब, फिर भी दवाएं अमानक



### गर्भवती महिलाओं की दवाएं भी अमानक

गौरतलब है कि पूर्व में भी छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा सप्लाई की जा रही कई दवाओं को बैन किया जा चुका है। कैल्शियम विथ विटामिन डी 3 टैबलेट 500 एमजी को भी माह की शुरुआत में बैन किया गया था। इसकी आपूर्ति मेसर्स हेल्थी लाइफ फॉर्मा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की गई थी। प्रारंभिक निरीक्षण के दौरान पाया गया था कि टैबलेट्स पैक से बाहर निकालते समय टूट रही हैं, जो कि गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन था। यह दवा विशेषकर गर्भवती महिलाओं, बच्चों, किशोरों और बुजुर्गों को दी जाती है, इसलिए इसकी गुणवत्ता अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है।

## खबर संक्षेप

### चैतन्य से मिलने ईडी दफ्तर पहुंचे भूपेश



रायपुर। शराब घोटाले में आरोपी बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बेटा चैतन्य बघेल फिलहाल ईडी की 5 दिन की कस्टोडियल रिमांड पर है। गुरुवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल बेटे चैतन्य से मुलाक़ात करने रायपुर के सुभाष स्टेडियम स्थित ईडी ऑफिस पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी, चैतन्य की पत्नी, बेटियां और नाती भी पहुंचे थे। गौरतलब है कि सोमवार को चैतन्य की 14 दिन की न्यायिक रिमांड पूरी होने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। उस दौरान उन्हें एक दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। इसके बाद ईडी ने चैतन्य की कस्टोडियल रिमांड की मांग की थी। मंगलवार 19 अगस्त को विशेष अदालत ने ईडी की अर्जी मंजूर करते हुए चैतन्य को 23 अगस्त तक रिमांड पर भेजा था, ताकि एजेंसी उनसे गहन पूछताछ कर सके।

### ज्वेलरी शॉप में धावा, डेढ़ लाख के कैश-जेवर पार

रायपुर। मंदिर हसौद थाने में एक ज्वेलरी शॉप कारोबारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ नकदी सहित डेढ़ लाख के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंदखुरी मेनरोड स्थित ज्वेलरी शॉप के संचालक सुखनंदन कोसले ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सुखनंदन ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर उसकी दुकान के शटर का ताला तोड़कर आलमारी में रखी ज्वेलरी तथा नकदी चोरी कर ले गया।

### दो सूने मकानों से डेढ़ लाख की चोरी



रायपुर। गुढ़ियारी थाने में दो अलग-अलग लोगों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ सूने मकान का ताला तोड़कर एक लाख 60 हर रुपए कैश, घरेलू सामान सहित सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मंगलबाजार में किराए के मकान में रहने वाला पेशे से राजमिस्त्री नारद ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी तथा सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई है। जनता कालोनी निवासी रंजीत कामल ने 60 हजार रुपए सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई है। दोनों चोरी की घटनाएं बुधवार की हैं।

### डीडीनगर में युवक पर चाकू से किया हमला

रायपुर। डीडीनगर थाने में एक युवक ने दो अज्ञात युवकों के खिलाफ घूरने के विवाद पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजेश कुमार मिश्रा ने अज्ञात युवकों के खिलाफ चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया कि वह अपने दो अन्य दोस्तों के साथ डगनिया तालाब के पास बैठा था। इस दौरान दो स्कूटी सवार अज्ञात युवक उनके पास पहुंचे और घूरने की बात को लेकर विवाद करने लगा। एक युवक ने राजेश पर हमला कर दिया। चाकू मारने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।

## रेलवे ने कहा- फाटक केवल अधिकृत मार्गों पर बनाए जाते हैं, यह लोगों द्वारा बनाया गया रास्ता

# जुगाड़ू फाटक...ट्रेन आने पर चेन से बंद करना पड़ रहा, क्रासिंग के लिए 20 मिनट तक इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पहले ट्रेन देखकर करते थे पटरी पार, रेलवे अब दुर्घटनाओं से बचने जंजीर डालकर रोक रहा

उरकुरा से डब्लूआरएस कॉलोनी जाने वाले मार्ग पर ट्रेन गुजरने से रोज़ाना यात्रियों को 15 से 20 मिनट तक इंतजार करना पड़ता है। वजह यह है कि यहां ऑटोमैटिक फाटक की सुविधा नहीं है। ट्रेन आते ही गेटमैन तोला लेकर दौड़ पड़ता है और दोनों ओर लगे लोहे के रॉड के बीच जंजीर डालकर ताला जड़ देता है। जब तक ट्रेन गुजर नहीं जाती, तब तक आवागमन पूरी तरह बंद रहता है। ट्रेन निकलने के बाद जंजीर और ताला हटाए जाते हैं और फिर रास्ता खाली होता है। इस पूरी प्रक्रिया में औसतन 8 मिनट का समय लगता है।

हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि वेगन वर्कशॉप के ठीक सामने डब्लूआरएस कॉलोनी मार्ग से हर घंटे 200 से अधिक वाहन गुजरते हैं। इसी बीच रायपुर से उरकुरा जाने वाली मेन लाइन भी यहीं से गुजरती है, जिसे उरकुरा से डब्लूआरएस जाने लोगों को पार करना मजबूरी है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह मार्ग लोगों द्वारा बनाया गया है। समय बचाने इसका उपयोग किया जाता ▶▶|शेष पेज 12 पर



### जीएम ने दिए थे व्यवस्था बनाने के निर्देश

रेलवे पटरियों और सड़कों के क्रॉसिंग प्वाइंट पर फाटक होना आवश्यक है। रेलवे में यह अधिकृत मार्ग नहीं है। उरकुरा से डब्ल्यूआरएस मार्ग पर पहले लोगों की आवाजाही कम थी, लेकिन समय के साथ इस मार्ग से गुजरने वालों की संख्या अब दिन में हजार तक पहुंच रही है। बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने ट्रेन आने के समय लोगों को रोकने की व्यवस्था की है। फिलहाल यहां जुगाड़ व्यवस्था के तहत गैटमैन को ट्रेन आते समय सीटी बजाकर और आवाज लगाकर दोनों ओर से लोगों को रोकना पड़ रहा है। यह प्रक्रिया रोजाना लोगों का समय लेती है और असुविधा भी पैदा कर रही है। बीते दो महीने से यह अस्थायी व्यवस्था जारी है। हाल ही में जीएम ने निरीक्षण के दौरान समाधान के निर्देश दिए थे। इसके बाद रेलवे ने गैटमैन के लिए केबिन का निर्माण किया है, जहां से गैटमैन को ट्रेन आने-जाने की जानकारी मिल रही है।



### मालगाड़ी को गुजरने में लग जाता है 8 से 10 मिनट

उरकुरा से डब्लूआरएस कॉलोनी जाने वाले मार्ग पर दिन-रात दर्जनों वाहन गुजरते हैं। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार इस मार्ग पर ट्रेनों की रफ्तार महज 15 से 20 की रहती है। ऐसे में जब मालगाड़ी गुजरती है, तो उसे पार होने में 8 से 10 मिनट का समय लग जाता ▶▶|शेष पेज 12 पर

### तीजा में रेलवे चलाएगा स्पेशल ट्रेन, अनूपपुर और ताड़ोकी के लिए चलेगी फास्ट मेमू

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व तीजा के अवसर पर महिला यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ियां रायपुर से अनूपपुर और रायपुर से ताड़ोकी के बीच दोनों दिशाओं में चलाई जाएंगी। गाड़ी संख्या 06803/06804 रायपुर–अनूपपुर–रायपुर तीजा फेस्टिवल फास्ट मेमू 24 और 28 अगस्त 2025 को चलेगी, वहीं गाड़ी संख्या 06805/06806 रायपुर–ताड़ोकी–रायपुर तीजा फेस्टिवल फास्ट मेमू 25 और 29 अगस्त 2025 को संचालित होगी। इन विशेष ट्रेनों से सिलयारी, तिल्दा, हथबंध, भाटापारा, पेंड्रारोड और अनूपपुर तक के यात्रियों को लाभ मिलेगा। वहीं रायपुर से ताड़ोकी के बीच चलने वाली ट्रेन से बालोद, दल्लीराजहरा, भानुप्रतापपुर और ताड़ोकी तक के यात्रियों को सुविधा होगी। फास्ट मेमू होने के कारण यह ट्रेनें अन्य लोकल ट्रेनों की तुलना में कम समय लेंगी।

## 25 व 26 अगस्त को भारी बारिश की संभावना

# दक्षिण शिफ्ट हो चुकी मानसून द्रोणिका हुई सामान्य, छाएंगे बादल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण छत्तीगसढ़ में शिफ्ट हो चुकी मानसून द्रोणिका अब फिर से सामान्य हो चुकी है। इसके कारण अब पूरे प्रदेश में बदली-बारिश का सिलसिला पुनः प्रारंभ हो जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक 22 से 24 अगस्त तक आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। इस दौरान देर शाम अथवा रात में हल्की बारिश होगी अथवा बौछारें पड़ेंगी। भारी बारिश की स्थिति निर्मित नहीं होगी, लेकिन आसमान आंशिक रूप से मेघमय रहेगा। इसके बाद 25 व 26 अगस्त को पूरे प्रदेश में भारी बारिश की स्थिति निर्मित हो सकती है। वज्रपात भी कुछ स्थानों में हो सकता है। इसके पूर्व मानसून द्रोणिका के दक्षिण छग में शिफ्ट होने के कारण प्रदेश के अन्य स्थानों में बारिश संबंधित गतिविधियों में कमी आ गई थी। रायपुर में शुक्रवार को आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। देर शाम हल्की बारिश संभावित है।

### अरब सागर से आ रही नमी

*मानसून द्रोणिका के सामान्य होने के अलावा अरब सागर से आ रही नमी के कारण भी बारिश संबंधित गतिविधियों में बढ़ोत्तरी होगी। 24 अगस्त तक बादल छाए रहने के चलते तापमान में एक से दो डिग्री की बढ़ोत्तरी होगी। दिन में बेचैन करने वाली उमस की स्थिति रहेगी। 25 अगस्त को भारी बारिश होने के बाद ही उमस भरी गर्मी से राहत मिल सकेगी। गुरुवार को प्रदेश में सर्वाधिक ठंडा और सर्वाधिक गर्म दुर्ग जिला ही रहा। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान दुर्ग में 32.5 डिग्री दर्ज हुआ। सबसे कम न्यूनतम तापमान 20 डिग्री भी दुर्ग में ही दर्ज किया गया। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक 31.7 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री अधिक 24.8 डिग्री दर्ज हुआ।*

# डिजिटल अरेस्ट कर मनी ट्रेल कर रकम कंबोडिया भेजने 50 से ज्यादा अकाउंट का इस्तेमाल

- रकम कई टुकड़ों में काटकर भेजी जाती थी
- रेंज साइबर पुलिस ने 50 से ज्यादा बैंक अकाउंट कराए फ्रीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डिजिटल अरेस्ट कर ठगी के आरोप में गिरफ्तार जालसाजों ने ठगी की रकम मनी ट्रेल कर कंबोडिया, थाईलैंड भेजने 50 से ज्यादा अकाउंट का इस्तेमाल किया है। जालसाज रकम ट्रांसफर करने अलग-अलग राज्यों के बैंक खातों का उपयोग करते थे। रेंज साइबर पुलिस ने ठगी के लिए इस्तेमाल 40 के करीब बैंक अकाउंट को फ्रीज कराया है। जिन अकाउंट के माध्यम से ठगी की रकम मंगाई गई थी, रेंज साइबर पुलिस ने उन अकाउंट को फ्रीज कराया है।

जालसाजों से पूछताछ में रेंज साइबर पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। जालसाजों ने पुलिस को बताया है कि वे ठगी की रकम ट्रांसफर करने मनी ट्रांसफर करने वाले लोगों से भी संपर्क करते थे। पुलिस से बचने म्यूल अकाउंट में आई राशि को निकालकर मनी एक्सचेंज का कारोबार करने वाले लोगों से संपर्क ▶▶|शेष पेज 12 पर



डिजिटल फ्राड का नेटवर्क कंबोडिया तक, रायपुर में फर्जीवाड़ा, रैकेट फूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के एक सेवानिवृत्त क्लर्क तथा एक बुजुर्ग प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट कर एक करोड़ रुपए से ज्यादा ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर सेल पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ठगी के

दुबई से पढ़ा ठगी का पाठ

रेंज साइबर पुलिस के अनुसार ठगी का मास्टरमाइंड मनीष तथा अर्जुन है। मनीष का एक दोस्त रूद्र दुबई में

### हर बार नए अकाउंट की व्यवस्था

जालसाजों से पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि उन्होंने जिन-जिन लोगों को ठगी का शिकार बनाया है, उन लोगों की ठगी की रकम ट्रांसफर करने के साथ मंगाने के लिए हर बार नए अकाउंट की व्यवस्था करते थे। इसके कारण जालसाज पुलिस के शिकंजा में फंसने से बचते आ रहे थे।

### दो दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ की ठगी

डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का शिकार बनाने वाले जालसाजों ने पुलिस को बताया है कि उन लोगों ने हिंदी भाषी राज्यों के दो दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ ठगी की है। जालसाजों ने लोगों के साथ कितने की ठगी की है, पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है। कंबोडिया तथा थाईलैंड में बैठे जालसाजों के गुर्गों के बारे में तथा उनके अकाउंट के बारे में जानकारी जुटा ली है। जालसाजों तक कंबोडिया तथा थाईलैंड में और पैसा नहीं पहुंचे, इसके लिए रेंज साइबर पुलिस उनके उन अकाउंट को भी फ्रीज कराने की प्रक्रिया कर रही है।

### महत्वपूर्ण जानकारी मिली है

पूछताछ में जालसाजों से कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। जालसाजों से पूछताछ के आधार पर डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले जालसाजों के अन्य साथियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

\- निशित अग्रवाल, डीएसपी, रेंज साइबर पुलिस

### सेंट्रल एजेंसी से बचने छोटी राशि भेजते थे

पूछताछ में जालसलाजों ने पुलिस को बताया है कि कंबोडिया, थाईलैंड टुकड़ों में छोटी रकम ट्रांसफर की जाती थी। छोटी रकम भेजे जाने का कारण जालसाजों ने केंद्रीय एजेंसियों से बचना बताया। जालसाजों ने जैसा रेंज साइबर पुलिस को बताया है, उसके मुताबिक कंबोडिया, थाईलैंड पैसा भेजने उन्हें ज्यादा अकाउंट की जरूरत पड़ती थी। इस वजह से जालसाजों की एक टीम घूम-घूमकर अकाउंट की व्यवस्था करने में लगी रहती थी।

# ये कैसा आयुष्मान? पोर्टल में मार्च से पहले का भुगतान पेंडिंग लेकिन कर दिया अंतिम ऑडिट!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जनवरी से मार्च तक 350 करोड़ रुपए की राशि है शेष

आयुष्मान योजना की राशि नहीं मिलने के कारण निजी अस्पतालों में नाराजगी है। इसे लेकर वे लामबंध हो गए हैं। उन्होंने इसके लिए स्वास्थ्य सचिव को ज्ञापन सौंपकर अपनी चिंता जाहिर करते हुए बकाया राशि की मांग की है ताकि वे मरीजों का इलाज बगैर रुकावट कर सकें। एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया के प्रतिनिधि मंडल ने स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया से मुलाकात कर वित्तीय ▶▶|शेष पेज 12 पर

### अप्रूव्ड केस भी रिजेक्ट

वहीं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन व हॉस्पिटल बोर्ड की छग और जिला इकाई की संयुक्त बैठक भी इस मामले पर आयोजित की। सदस्यों ने यह जानकारी दी गई कि विगत 6 माह से भुगतान बंद है। मार्च 2025 में सितंबर अक्टूबर 24 का भुगतान आंशिक रूप से दिया गया था। कुछ सदस्यों ने 2023 से भुगतान लंबित होने की सूचना दी है। सदस्यों ने पूर्व में अप्रूव्ड केस को रिजेक्ट किए जाने की सूचना दी है। उनका कहना है कि इससे अस्पतालों को नुकसान हो रहा है, क्योंकि मरीज इलाज कराकर डिस्चार्ज हो चुके हैं।

# मेडिकल क्लेम देने के बदले रिश्वत की मांग, स्कूल का बाबू घूस लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षक की शिकायत पर एसीबी ने बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा



अभनपुर विकासखंड चांपाझर (चंपारण) में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बाबू को एसीबी ने 10 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। बाबू के खिलाफ स्कूल के एक शिक्षक ने मेडिकल क्लेम की राशि जारी करने के बदले रिश्वत की मांग करने की शिकायत दर्ज कराई थी। रिश्वत की मांग से आहत शिक्षक ने इसकी शिकायत एसीबी, ईओडब्लू में की थी।

एसीबी द्वारा जारी बयान के मुताबिक शिक्षक चंद्रहास निषाद की शिकायत पर मनोज कुमार ठाकुर को रिश्वत लेते ट्रैप किया गया। चंद्रहास ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने अपने नवजात शिशु के उपचार में हुए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिये प्राचार्य कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया था, जिस पर कार्यालय के बाबू मनोज कुमार ने 1 लाख की मेडिकल राशि निकालने के एवज में कुल राशि का 10 प्रतिशत रिश्वत की मांग की है। शिक्षक ने इसकी लिखित शिकायत एसीबी, ईओडब्लू में की। शिकायत की पुष्टि करने के बाद एसीबी ने बाबू को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

## ग्रामीणों में दहशत को देखते हुए जांच के लिए बनाई गई थी टीम

कुरूं शासकीय विद्यालय का मामला एक सप्ताह तक लगातार बेहोश हो रही थी लड़कियां

# रिपोर्ट में खुलासा-उमस के कारण बेहोश हुईं लड़कियां, पंखा लगाने सुझाव, लौटे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

अभनपुर के अंतर्गत आने वाले शासकीय विद्यालय कुरूं में अब हालात सामान्य हैं। यहां कुछ दिनों पूर्व अजीबो-गरीब घटनाएं हुई थीं। लगभग 10 दिनों तक लगातार लड़कियां बेहोश हो रही थीं। इसे लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल था। जादू-टोनहे सहित कई तरह की चर्चाएं भी हो रही थीं। घटना के बाद से छात्रों की उपस्थिति भी घट गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों की एक टीम बनाई गई थी, जिसने कई बिंदुओं पर जांच की। टीम ने अपनी जांच में पाया कि कक्षा में क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को बैठाए जाने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। उमस की वजह से छात्राएं बीमार हो रही हैं। जांच टीम ने प्रत्येक कक्षाओं में एग्जास्ट फैन लगाने के साथ ही पंखा चलाने संबंधित सुझाव भी दिए हैं, ताकि कक्षा में शुद्ध हवा की कमी ना हो और विद्यार्थियों को सांस लेने में कोई असुविधा ना हो। सेहत संबंधित अन्य सुझाव भी टीम ने दिए हैं। इन सुझावों से शाला प्रबंधन को अवगत करा दिया गया है और उन्हें छात्रों के स्वास्थ्य के लिए उचित व्यवस्था करने निर्देशित किया गया है।



जगह की कमी, इसलिए एक कक्षा में बैठा रहे 103 विद्यार्थी, बेहोश होने की वजह घुटन

### अतिरिक्त कक्ष की मांग अटकी

कई कक्ष में पंखे लगे हुए हैं, लेकिन उनसे आवाज आने के कारण उन्हें अध्यापन कार्य के दौरान बंद ही रखा जाता है ताकि पीछे बैठे छात्रों तक भी आवाज पहुंच सके। हालांकि कक्षाओं में सिर्फ पंखे ही हैं, एग्जास्ट फैन का बंदोबस्त किसी भी कक्षा में नहीं है। शाला प्रबंधन द्वारा छात्र संख्या को देखते हुए पूर्व में ही अतिरिक्त कक्ष के लिए मांग की जा चुकी है। इस पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। यहां कुल दर्ज छात्र संख्या 400 है। कक्षाओं की कमी के कारण एक कमरे में 60 से 80 विद्यार्थियों को सटाकर बैठाया जा रहा है।

### लौटने लगे छात्र

डॉक्टरों की जांच में किसी तरह की अनहोनी सामने नहीं आने के बाद ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली है। अब वे अपने बच्चों को स्कूल भेजने लगे हैं। पूर्व की भांति यहां नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन हो रहा है। शिक्षक बच्चों को नियमित अंतराल पर पानी पीने की सलाह दे रहे हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य संबंधित अन्य जानकारी भी बच्चों को दी जा रही है।

## खबर संक्षेप



### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 7 को पोस्टर का किया विमोचन

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में 7 सितंबर को लगाया जाएगा, जिसका पोस्टर विमोचन रामकृष्ण के वरिष्ठ डॉ. संदीप दवे ने किया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेशाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि सिंधु डॉक्टर फोरम के साथ मिलकर स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। पोस्टर विमोचन में डॉ संदीप दवे, डॉ. मंडरिया, डॉ. विनोद आहूजा, डॉ. अजीत शदाणी, डॉ. एनडी गजवानी, डॉ. प्रकाश कटारिया, सुनील कुकरेजा, नितिन कृष्णानी, चंदर देवानी, महेश खिलनानी आदि उपस्थित थे।

### पेंशनरों का आंदोलन आज एसोसिएशन का समर्थन



**रायपुर।** पेंशनरों को डीए देने और पूर्व में लंबित एरियर्स भुगतान को लेकर पेंशनर्स अन्य कर्मचारी संघों के साथ मिलकर 22 अगस्त को आंदोलन किया जा रहा है। आंदोलन को समर्थन देने के संबंध में छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसी दौरान जिलाध्यक्ष पंकज नायक और प्रांतीय महामंत्री उमेश मुदलियार ने कहा कि केवल कर्मचारियों को डीए देने की घोषणा कर पेंशनरों की उपेक्षा की गई है।

### समाज सेवा समिति ने लगाया मेडिकल कैंप



**रायपुर।** एकता कॉलोनी सोनडोंगरी वार्ड नंबर-2 में समाज सेवा समिति टाटीबंद ने निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया। कैंप में दृष्टि नेत्रालय टाटीबंध के डॉ. विनोद कुमार गेडाम एवं उनकी टीम शशिकांत भिवगड़े, रवीना भगत, तारा निषाद, विक्रम सिंग ने आंखों की जांच की एवं परामर्श दिया। वहीं श्री साई केयर डायग्नोस्टिक के डॉ. राजेश शर्मा एवं उनकी टीम किशुन, प्रशांत तिवारी ने बीपी (रक्तचाप), शुगर, संबंधी टेस्ट निशुल्क किया। कैंप में पहुंचे 150 लोगों ने निशुल्क जांच का लाभ लिया। इस दौरान समाज सेवा समिति टाटीबंध के अध्यक्ष गुरजंट सिंग भामरा, रणजीत सिंग पनेसर, आदि मौजूद रहे।

## निधन

### नेमीचंद नाहर

**रायपुर।** दुर्ग निवासी छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त व्यवसायी नेमीचंद



नाहर (88) का 21 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे जितेंद्र नाहर के पिता एवं हर्ष और नमन नाहर के दादा थे।

# तोड़ूदस्ते की महिलाओं ने दिया अच्छा रिस्पांस, एक साल तक के लिए काम का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के तोड़ूदस्ते में शामिल महिलाओं ने अतिक्रमण हटाओ अभियान में बेहतर काम किया है। दो माह के ट्रायल पीरियेड में इनका कार्य संतोषप्रद पाए जाने के बाद अब उन्हें सालभर तक काम करने का मौका दिया जा रहा है। शहर के अलग-अलग इलाकों की 20 महिलाएं टीम प्रहरी के साथ जुड़कर अपने काम को बेहतर तरीके करते हुए नारी शक्ति की मिसाल बनी हैं।

खास खबर

दरअसल, रायपुर नगर निगम ने नया प्रयोग करते हुए अपने तोड़ूदस्ते में महिलाओं को पहली बार शामिल किया है। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार, क्षेत्रीय सांसद, विधायक और नगर निगम के अधिकारियों की गत दिनों हुई बैठक में जन प्रतिनिधियों की ओर से कलेक्टर को सुझाव आया कि निगम के अभियान में महिलाओं को भी शामिल किया जाए, इससे अच्छे परिणाम आ सकते हैं। इसी के तहत नगर निगम प्रशासन ने शुरुआत में 20 महिलाओं को अतिक्रमण हटाने टीम प्रहरी में शामिल किया है। इसके लिए निगम मुख्यालय के नगर निवेश विभाग ने नियम अनुसार टेंडर प्रक्रिया का पालन करते हुए महिलाओं को मौका दिया। शुरुआत में 2 माह की समय अवधि ट्रायल पीरियेड के रूप में इन्हें दी गई। इस दौरान अपने कार्य को महिलाओं ने बखूबी निभाया। वे शहर के विभिन्न इलाकों में जाकर अवैध ठेला गुमटी हटाने से लेकर अवैध कब्जा हटाने, अवैध निर्माण के तोड़फोड़ के दौरान कार्रवा में सहभागी बनकर पूरी दमदारी से डटी रहीं। उनके इस बेहतर कार्य निष्पादन को देखते हुए एक साल तक के लिए कार्य की अवधि को बढ़ाया गया है।

### यूजर चार्ज वसूली में भी महिलाओं को मिला था मौका

नगर निगम द्वारा शहर के अलग-अलग जोन के वार्डों में कुछ समय पूर्व डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में यूजर चार्ज वसूली के लिए महिलाओं का चयन कर उन्हें काम करने का मौका दिया गया था। इसका रिस्पांस भी अच्छा मिला, पर बाद में राजस्व विभाग द्वारा प्रापटी टैक्स के साथ यूजर चार्ज की वसूली का ऑनलाइन सिस्टम अमल में लाने के बाद महिलाओं द्वारा डोर टू डोर यूजर चार्ज वसूली कार्य पर विराम लग गया।



- नगर निगम का नया प्रयोग, पहली बार नारी शक्ति को किया दस्ते में शामिल
- ठेला गुमटी हटाने से लेकर तोड़फोड़ की कार्रवाई में रहा सहयोग

### ट्रायल पीरियेड में बेहतर रिस्पांस

टीम प्रहरी में हमने पहली बार नारी शक्ति को दस्ते में शामिल किया। 20 महिलाएं इस टीम का हिस्सा हैं, जिन्होंने अतिक्रमण हटाओ अभियान में बहुत अच्छा काम किया है। बेहतर रिस्पांस को देखते हुए निगम आयुक्त के निर्देश पर सालभर तक के लिए इन्हें काम करने का मौका दिया जा रहा है।

- **आभाष मिश्रा**, नगर निवेशक, नगर निगम रायपुर

## प्रोजेक्ट के लिए कंसलटेंट नियुक्त करने ऑनलाइन टेंडर, 11 सितंबर तक मियाद

# गंज मंडी प्रोजेक्ट के लिए निगम ने हाईकोर्ट में दाखिल किया केवियट

50 फीसदी में ग्रीनलैंड, मल्टीलेवल पार्किंग, कमर्शियल-सहआवासीय परिसर की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम ने राजधानी की 26 एकड़ बेशकीमती जमीन पर स्थित गंज मंडी प्रोजेक्ट के लिए हाईकोर्ट में केवियट दाखिल कर दिया है। साथ ही इस प्रोजेक्ट के लिए कंसलटेंट नियुक्त करने ऑनलाइन टेंडर जारी किया है, जो 11 सितंबर को खुलेगा। चयनित कंसलटेंट इस प्रोजेक्ट की ड्राइंग डिजाइन तैयार कराएगा। इसके बाद प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा जाएगा, क्योंकि प्रोजेक्ट के लिए एक बड़ी राशि केन्द्र सरकार से मिलने वाली है। राज्य सरकार भी इसके लिए फंडिग करेगी। वहीं गंज मंडी के व्यापारियों का कहना है, बिना व्यापारियों और वहां रहने वाले लोगों से चर्चा किए प्रोजेक्ट लाया जा रहा है। हमने महापौर मीनल चौबे, निगम सभापति सूर्यकांत राठौर और रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी को भी इस संबंध में ज्ञापन दिया है। हम गंज मंडी के विकास का विरोध नहीं कर रहे, पर काम में पारदर्शिता होनी चाहिए।

डेढ़ दशक से चर्चा में रहे गंज मंडी में बहुमंजिला आवासीय एवं व्यवसायिक परिसर सह पाार्किंग प्रोजेक्ट एक बार फिर चर्चा में है। नगर निगम ने गंज मंडी प्रोजेक्ट के लिए वहां के दुकानों का सर्वे और सीमांकन कराया है। साथ ही पार्किंग के लिए खाली पड़ी 2 जमीन का सर्वे कर सीमांकन कराया है। शहर के प्राइम लोकेशन की 26 एकड़ जमीन पर गाइड लाइन के हिसाब से 50 फीसदी एरिया में ग्रीनलैंड, बाकी के हिस्से कमर्शियल कांप्लेक्स और आवासयी परिसर बनाया जाएगा। साथ ही खाली पड़ी जमीन पर मल्टीलेवल पार्किंग का प्लान है। इस पूरे इलाके लिए बड़ा प्रोजेक्ट तैयार करने कंसलटेंट की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए निगम मुख्यालय की योजना शाखा ने ग्लोबल टेंडर किया है। रुचि की अभिव्यक्त के साथ 11 सितंबर तक निविदा भरी जा सकती है। चयनित कंसलटेंट गंज मंडी प्रोजेक्ट के लिए ड्राइंग-डिजाइन तैयार करेगा। इसके बाद प्रस्ताव को केन्द्र सरकार को भेजा जाएगा।

### व्यापारियों ने कहा- बिना चर्चा किए ला रहे प्रोजेक्ट, आंदोलन करेंगे



### केवियट लगाने से प्रभावित व्यापारी नाराज

*प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने हरिभूमि को बताया कि नगर निगम अलग-अलग क्षेत्र में इस प्रोजेक्ट को पूरा करेगा। इसकी शुरुआत गंज मंडी की खाली पड़ी जमीन वाले हिस्से की जाएगी। इधर नगर निगम द्वारा गंज मंडी प्रोजेक्ट के संबंध में हाइकोर्ट में केवियट दाखिल करने को लेकर प्रभावित व्यापारी नाराज हैं। उनका कहना है, हमें प्रोजेक्ट के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं दी जा रही। गंज डबरी नागरिक समिति के पदाधिकारियों ने महापौर मीनल चौबे से मुलाकात कर गंज मंडी नजूल भूमि की रजिस्ट्री को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आग्रह किया है कि 26 एकड़ गंज मंडी क्षेत्र में वहां के निवासी और व्यापारी सालों से वैध रूप में निवास एवं व्यवसाय कर रहे हैं। इसके साथ ही वर्ष 2025 में नगर निगम चुनावों में भाजपा घोषणापत्र में स्पष्ट रूप से वादा किया गया कि नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए नया कानून बनाएंगे साथ ही पट्टा धारकों को भूमि स्वामी बनाया जाएगा। इसीलिए गंज मंडी के पात्र नजूल भूमि धारकों को रजिस्ट्री के लिए शासन द्वारा आवश्यक आदेश पारित कराया जाए। इससे न केवल प्रभावितों को स्थायित्व स्वामित्व का अधिकार प्राप्त होगा, बल्कि शासन के घोषणापत्र में किये गये वादे का सम्मान होगा।*

# साथी बंदियों के साथ वेल्डिंग करने निकला एनडीपीएस का आरोपी फरार

- पुराना जेल मुख्यालय की मरम्मत करने चार अन्य बंदियों के साथ गया था



- एनडीपीएस एक्ट में 15 साल की सजा काट रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सख्त सुरक्षा पहरा के बीच गुरुवार को केंद्रीय जेल रायपुर से एनडीपीएस एक्ट में 15 साल की सजा काट रहा एक कैदी जेलकर्मियों की आंखों में धूल झोंककर फरार हो गया।

कैदी के जेल से भाग जाने की जानकारी मिलने पर जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। अपने स्तर पर कैदी की पतासाजी करने के बाद जेल प्रशासन ने गंज थाने में कैदी के भाग जाने की रिपोर्ट दर्ज करई है। बताया जा रहा है, फरार कैदी वर्ष 2021 से जेल में बंद था। पुलिस के अनुसार जेल प्रशासन ने मूलतः उत्तरप्रदेश, मथुरा निवासी चंद्रवीर सिंह उर्फ पिंटू नामक कैदी के जेल से फरार होने की शिकायत दर्ज कराई है। थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार पिंटू को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस पंकज सिन्हा की कोर्ट ने पिछले वर्ष 25 जुलाई को 15 वर्ष कैद के साथ तीन लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर आरोपी को अतिरिरक्त छह वर्ष कैद की सजा सुनाई थी।

### जेल प्रहरी, बंदियों को चकमा देकर भागा

थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार जेल प्रहरी मनीष रजवाडे के अभिरक्षा में चंद्रवीर तथा अन्य चार बंदी पुराना जेल मुख्यालय के मरम्मत करने गए थे।बंदी काम कर रहे थे इस दौरान चंद्रवीर दोपहर डेढ़ से दो बजे के बीच मौके पर काम कर रहे बंदी तथा जेल प्रहरी को चकमा देकर फरार हो गया। चंद्रवीर ने पुराना जेल मुख्यालय के पिछले दरवाजे से भागा है। ढाई बजे के करीब चंद्रवीर मौके पर नहीं दिखा, इसके बाद जेल प्रहरी साथ ले गए चार अन्य बंदियों को लेकर वापस जेल पहुंचा। जेल पहुंचने के बाद उसने घटना की जानकारी जेल सुपरिटेंडेंट को दी। बंदी को ढूंढने जेल प्रशासन ने अपने स्तर पर कोशिश की, बंदी के नहीं मिलने पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। बंदी के फरार होने की जानकारी मथुरा पुलिस को भी जेल प्रशासन ने दे दी है।

# परिवहन विभाग के सेवानिवृत्त कर्मी के सूने मकान में तीन लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- डीडीनगर, सत्यमविहार कालोनी की घटना

डीडीनगर थाने में रायपुरा, सत्यम विहार कालोनी में चोरों ने परिवहन विभाग के एक सेवानिवृत्त कर्मी के सूने मकान में धावा बोलते हुए नकदी 60 हजार रुपए सहित तीन लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर ले उड़े। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर पड़ताल कर रही है। पुलिस कालोनी में लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल कर रही है। रतन लाल नाग ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। रतन ने पुलिस को बताया है कि वह 18 अगस्त को अपने घर के मेन गेट में ताला लगाकर परिवार सहित बिलासपुर गया था। दो दिन बाद 20 अगस्त को परिवार लौटा तो उन लोगों ने देखा, कोई अज्ञात चोर घर के मेन गेट का ताला तोड़ मकान के अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे सामान को बाहर फैलाकर नकदी तथा जेवर चोरी कर ले गया है। वारदात के तरीका को देखते हुए पुलिस ने किसी बाहरी लोगों का हाथ होने की आशंका जताई है। चोरों की पतासाजी करने हाल के दिनों में जेल से छूटे पुराने चोरों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है।

### बलिदानी राजा गुरु बालकदास फिल्म 19 सितंबर को होगी रिलीज

**रायपुर।** सतनामी फिल्म प्रोडक्शन रायपुर द्वारा निर्मित बड़े पर्दे पर दिखाई जाने वाली बहुप्रतीक्षित छत्तीसगढ़ की पहली ऐतिहासिक फिल्म बलिदानी राजा गुरु बालकदास आगामी 19 सितंबर को प्रदेश के विभिन्न सिनेमाघरों में एक साथ रिलीज होने जा रही है।

फिल्म के निर्माता व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. जेआर सोनी ने बताया कि यह फिल्म गुरु घासीदास बाबा के द्वितीय सुपुत्र महान प्रतापी राजा वीर बलिदानी गुरु बालकदास के जीवन दर्शन पर आधारित है। साथ ही छग के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीरनारायण सिंह तथा गुरु बालकदास की आपसी मित्रता से छग के सर्वसमाज एवं सतनामी समाज के लोगों को



अपने हक, अधिकार और स्वाभिमान को जगाने के लिए दिए गए योगदान का भी फिल्मांकन किया गया है। फिल्म में गुरु बालकदास की भूमिका ओम त्रिपाठी, गुरु आगरदास की भूमिका मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, शहीद वीरनारायण सिंह की भूमिका पूर्व मंत्री अमरजीत भगत तथा पंडित सूत्रधार की भूमिका पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने निभाई है।

# कैट के नए प्रदेश कार्यालय में हवन-पूजन, शिफ्टिंग जल्द

- साज-सज्जा के बाद कार्यालय जल्द होगा शिफ्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैट छत्तीसगढ़ चैप्टर के नया कार्यालय का गुरुवार को पंडरी पुराना बस स्टैंड के पगरिया कॉम्प्लेक्स, रोटरी क्लब स्थित नए परिसर में हवन-पूजन के साथ विधिवत शुभारंभ हुआ। साज सज्जा के बाद शीघ्र ही कार्यालय शिफ्ट होगा। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने कहा कि नया कार्यालय केवल ईंट और पत्थरों का भवन नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के 12 लाख व्यापारियों की एकता, संघर्ष और सफलता का प्रतीक है। परिसर व्यापारी समाज के लिए मार्गदर्शन, सहयोग और सशक्तिकरण का केंद्र बनेगा। नए कार्यालय भवन से व्यापारियों की समस्याओं का समाधान, नीतिगत चर्चाएं और सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए ठोस पहली की जाएगी।

इस मौके पर हवन-पूजन में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, सुरिन्दर सिंह, कैलाश खेमानी, अवनीत सिंह, राकेश ओचवानी, कन्हैया गुप्ता, राम मंधान, शंकर बजाज, मधु अरोरा, प्रेरणा भट्ट, रतनदीप सिंह, विजय पटेल, नागेन्द्र तिवारी, विजय जैन, सतीश श्रीवास्तव, मोहन वल्र्यानी, राजेन्द्र खटवानी, विक्रांत राठौर, शैलेन्द्र शुक्ला रौनक पटेल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष ...

### जुगाड़ू फाटक...ट्रेन आने

है। रेलवे की ओर से फाटक केवल अधिकृत मार्गों पर बनाए जाते हैं। इसलिए यहां शुरुआत से ही फाटक की व्यवस्था नहीं की गई थी। दो महीने पहले तक यात्री सीधे ही पटरियां पार कर लेते थे, लेकिन अब सुरक्षा के मद्देनज़र रेलवे ने ही गेटमैन तैनात किया है, जो ट्रेन आने से पहले जंजीर लगाकर लोगों को रोकता है।

### मालगाड़ी को गुजरने ....

है। यदि एक साथ दो ट्रेनें आ जाती हैं तो फाटक बंद रहने से राहगीरों को 30 मिनट तक इंतजार करना पड़ता है। गैटमैन का कहना है कि उन्हें हर वक्त चौकन्ना रहना पड़ता है। रात के समय भी उन्हें जंजीर और ताला लगाकर लोगों को रोकना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर पहले दो बिना फाटक वाले रास्ते थे, जिनमें से रेलवे ने एक को बंद कर दिया है। मौजूदा मार्ग का उपयोग आम लोगों के साथ-साथ रेलवे कर्मचारी भी करते हैं।

### ये कैसा आयुष्मान? पोर्टल ....

भुगतान में आ रही रुकावट से परिचित कराया। स्वास्थ्य सचिव ने एएचपीआई के प्रतिनिधिमंडल को बताया कि राज्य शासन ने 31 मार्च 2025 तक का पूरा क्लेम अस्पतालों को दे दिया है और इस संबंध में केंद्र सरकार को ऑडिट रिपोर्ट का नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट भी भेज दिया गया है।

इस पर प्रांताध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता एवं अन्य उपस्थित अस्पताल संचालकों ने कहा, जनवरी अंतिम सप्ताह और फरवरी प्रथम सप्ताह के बाद का पूरा क्लेम ज्यादातर अस्पतालों को नहीं मिला है। जनवरी से मार्च 2025 तक का लगभग 350 करोड़ अस्पतालों का बकाया है। अप्रैल से जुलाई तक कुल 700 करोड़ रूपए की राशि अब तक निजी अस्पतालों को नहीं दी जा सकी है।

**पैकेज दरों की रिवीजन की मांग :** डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा, लंबित भुगतान के विषय में यह जानकारी मिलने पर प्रदेशभर के डॉक्टरों में हताशा और रोष है। इस संबंध में शीघ्र ही प्रदेश स्तर के अस्पताल संचालकों से जिला वार विचार विमर्श कर आयुष्मान योजना के लंबित भुगतान, पैकेज दरों के रिवीजन और स्टेट नोडल एजेंसी की संवादहीनता के विषय में आगे की रणनीति तय की जाएगी। हैरानी की बात यह भी है कि आयुष्मान पोर्टल में मार्च के पहले के केस अनपेड दिख रहा है। इसका सीधा अर्थ यह है कि इसका पेमेंट नहीं हुआ है। इसके बाद भी ऑडिट रिपोर्ट का नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट भेज दिया गया है।

### डिजिटल अरेस्ट कर ....

करते थे। इसके बाद वह राशि डॉलर में कन्वर्ट कराकर कंबोडिया, थाईलैंड भेजते थे। अलग-अलग प्लेटफार्म से राशि भेजे जाने की वजह से 35 से 40 प्रतिशत की राशि कमीशन के रूप में कट जाती थी।

## बिजनेस साइट

# यूनियन बैंक ने ग्राम निमोरा में लगाया जागरूकता शिविर



**रायपुर।** भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के तत्वावधान में रायपुर जिले के ग्राम निमोरा में एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग सेवाओं की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करना है। शिविर में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, छत्तीसगढ़ राज्य के महाप्रबंधक एवं बैंकिंग लोकपाल मोहन रावत तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, रायपुर क्षेत्र के क्षेत्र प्रमुख अनुज कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

शिविर में आसपास के गांवों से आए 200 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रतिभागियों की सुविधा के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लाइव नामांकन स्टॉल लगाए गए थे। साथ ही 5 बैंक मित्रों की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने बैंकिंग सहायता प्रदान की।

# सम्भव ग्रुप ने लगाए रक्तदान शिविर, 73 यूनिट रक्त एकत्र



**रायपुर।** समाज कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए सम्भव ग्रुप ने दो स्थानों पर रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया। इन शिविरों का उद्देश्य थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों व अन्य जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी रक्त उपलब्ध कराना था। रायपुर स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय में काश फाउंडेशन के सहयोग से शिविर में 27 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन सुरेश गोयल और सीईओ विकास गोयल उपस्थित रहे। वहीं सरोरा प्लांट में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के साथ मिलकर लगाए गए शिविर में 46 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर सुरेश गोयल ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में मानवीय योगदान अत्यंत आवश्यक है। विकास गोयल ने इसे 'भारतीय संस्कृति के अनुरूप एक पुण्य कार्य' बताया।





हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

04

स्टिक परिणाम के लिए होगा डिजिटल...

लाइव इवेंट

## रेड कार्पेट पर 80 मॉडल्स ने पारंपरिक और वेस्टर्न ड्रेस में किया रैंपवॉक



**रायपुर।** यारियां इवेंट में सेंट्रल इंडिया फैशन वीक का तीसरा संस्करण पंडारी स्थित सिटी सेंटर मॉल में प्रस्तुत किया गया। शो के डायरेक्टर प्रफुल्ल जैन ने बताया कि फैशन वीक के ऑडिशन में दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बिलासपुर व अंबिकापुर के प्रतिभागियों को लिया गया। इस शो में लगभग 80 मॉडल्स ने हिस्सा लिया। मैनेजर रोहित मिश्रा ने बताया कि फिनाले राउंड में 25 मॉडल्स ने शानदर प्रस्तुति दी। पहले राउंड में मॉडल्स ने रेड कार्पेट पर पारंपरिक परिधानों को पहनकर अपनी संस्कृति का जलवा बिखेरा, वहीं दूसरे राउंड में वेस्टर्न ड्रेस में रैंपवॉक किया।



### मिस सेंट्रल इंडिया खिताब अंबिकापुर की रिंकी को

प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। जूनियर केटेगरी में मिस सेंट्रल इंडिया का खिताब बिलासपुर की वंशिका अग्रवाल ने अपने नाम किया। वहीं मिस सेंट्रल इंडिया का खिताब अंबिकापुर की रिंकी बॉक्सला ने हासिल किया। दूसरा स्थान वाराणसी की सुहाना और तीसरा स्थान रायपुर की किट्टू डोडवाणी को मिला। बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट स्पर्धा में शिल्पी खूबचंदानी, केशु एवं मुस्कान ने जीत दर्ज की। कार्यक्रम मे फैशन डिजाइनर आस्का सिंह राजपूत, एंजेल मिनाज एवं प्रियंका गुप्ता के डिजाइनर ड्रेसेस सभी मॉडल्स ने प्रस्तुत किए।

पोला पर्व पर शहर के बाजार गुलजार, मिट्टी के बर्तन के स्टॉल, पूजन व सजावटी सामग्री की खरीदारी शुरू

# मिट्टी के रंगबिरंगे नंदी बैल, बच्चों की चूल्हा-चौकी बर्तन और पहिए वाली गाड़ी पर प्रकृति की झलक

*पोला पर्व शनिवार यानी कल पूरे छत्तीसगढ़ में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए लोग शहर के बाजारों में मिट्टी के बैल, पोला-जतुलिया, चुकिया, बच्चों के चूल्हा-चौकी, बर्तन व खिलौनों, पूजन व सजावाटी सामग्री की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। गौरतलब है कि पोला पर्व पांरपरिक खेती-किसानी पद्धति और धरती की हरियाली से जुड़ा उत्सव है।*



**रायपुर।** ऐसे में बाजारों में मिट्टी के बैल, पोला, चुकिया, बच्चों के चूल्हा-चौकी के बर्तन व खिलौनों में प्रकृति के विविध रंगों की झलक दिखाई पड़ रही है। इन मिट्टी के बैल, पोला, चुकिया, बच्चों के चूल्हा-चौकी बर्तन, पहिए वाले बैल सजे गाड़ियों पर फुलों, फसलों, पेड़, पौधों, इंद्रधनुष, नदी, चांद, सूरज की चित्रकारी उकेरी गई है, जिससे यह बच्चों और बड़ों को आकर्षित कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है, मानो इन चित्रकारी ने मिट्टी से गढ़े और रंगबिरंगे, पूजा के नंदी बैल, छोटे बच्चों के लिए छोटी-छोटी मिट्टी से बने चूल्हा-चौकी के बर्तन, पहिए वाले बैल सजे गाड़ियों पर प्रकृति की तस्वीर खींच दी गई है। रायपुरा चौक महादेवघाट रोड पर मिट्टी के नंदी बैल व बर्तनों का स्टॉल लगाने वाली विक्रेता अहिल्या बाई चक्रधारी और उसके बेटे अरुण चक्रधारी ने बताया कि मिट्टी के बर्तन व खिलौने बनाना उनका परंपरागत व्यवसाय है। पोला पर्व खेती, पशुधन और किसान, फसलों, हरियाली के उत्सव का पर्व है, ऐसे में इन मिट्टी के बैल, बर्तनों, खिलौनों को आकर्षक बनाने के लिए इनमें आसपास के विविध फूलों जैसे सदा-सुहागा, गेंदा फूल, चांदनी, आठपत्तिया फूल, धान के पौधे व बालियां, नदियों और सूरज, चांद, जंगलों की हरियाली को चित्रकारी के माध्यम से इंद्रधनुषी रंग में उकेरा गया है। समय के साथ अब इन मिट्टी के खिलौनों से लेकर बर्तन, दीए, चुकिया सभी को आकर्षक बनाने का नया-नया प्रयोग किया जाने लगा है।



### मनोरंजन के लिए विविध आयोजन

रामसागर पारा में बैल सजाओ व दौड़ प्रतियोगिताओं के आयोजन का शहरवासियों को आनंद उठाने का अवसर मिलेगा। छत्तीसगढ़ पारंपरिक पोरा तिहार उत्सव समिति व रामसागर पारा क्षेत्रवासियों द्वारा भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा प्रतियोगिता में मुख्य रूप से भव्य बैल दौड़ एवं नांदिया बैला चलई अऊ जांता चलई के प्रदर्शन सहित और भी कई प्रतियोगिताएं शामिल हैं। जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को पुरस्कार व सम्मानित भी किया जाएगा।



### मिट्टी के बर्तन और खिलौनों की कीमत

शहर के भाठागांव चौक, कालीबाड़ी चौक, राजेंद्र नगर चौक मेनरोड सहित गोलबाजार, शास्त्री बाजार मेन रोड पर पारंपरिक त्योहार पोला के लिए बाजार में मिट्टी से बने बैल अलग-अलग रंगों के साथ डिजाइन में, पोला और खिलौने जैसे चूल्हा, मटका, कढ़ाई, गंजी समेत अन्य प्रकार से बनीं मिट्टी की पूजन सामग्री बिकने के लिए स्टॉल पर सज गई है। भाठागांव चौक स्टॉल पर मिट्टी के बर्तन व खिलौने बेच रहे नेतराम कुंभकार ने बताया कि पोला 30 से 40 रुपए, बैल सिंगल 40 से 50 रुपए व जोड़ी में 80 रुपए, बच्चों के लिए चूल्हा-चौकी का पूरा सेट 70 रुपए व अन्य खिलौने 5 से 10 रुपए में बिक रहे हैं।

### पर्व को लेकर उत्साह का माहौल

इसमें अन्नदाता के साथी यानी बैल को सजाकर विशेष पूजा की जाती है। छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है, इसलिए यहां कृषि कार्य में बैल का विशेष योगदान होता है, जहां बोआई से लेकर बियासी तक किसान बैल का उपयोग करते हैं। मिट्टी के बैल की पूजा करने के बाद बच्चे मिट्टी के बर्तनों और मिट्टी के बैलों के साथ खेलते हैं। पोला तिहार मूल रूप से खेती-किसानी से जुड़ा पर्व है।

सिटी इवेंट

## घायलों और मरीजों का चिकित्सा उपकरण खर्च बचाने निशुल्क दे रहे वॉकर-व्हील चेयर, बेड



**रायपुर।** प्राइवेट अस्पतालों के भारी भरकम खर्च से बचने के लिए हादसों में घायल लोगों के साथ ही कई तरह की बीमारियों से पीड़ित मरीज भी मजबूरीवश घर में रहकर इलाज करवाते हैं। स्वास्थ्य लाभ के लिए इन घायलों और मरीजों को कई तरह के चिकित्सा उपकरणों की जरूरत पड़ती हैं। लिहाजा, मरीजों को चिकित्सा उपकरणों के खर्च से बचाने का प्रयास विगत दस वर्षों से शहर में युवाओं का ग्रुप करते आ रहा है। इस सेवा को लेकर 'युवा पहल' के संस्थापक राहुल शर्मा ने बताया कि कई राज्यों से लोग यहां रोजी-रोटी के लिए आए हैं। जो सड़क पर आते-जाते वाहन से दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। अस्पतालों में संस्था से जुड़े प्रदेशभर के करीब 13 सौ युवा सेवा देते हैं। जो मरीजों को जरूरत पड़ने पर ब्लड डोनेट करते हैं। अस्पतालों से सरोकार होने से पता चला कि चिकित्सा उपकरण खरीदने में भी कई पीड़ित परिवार सक्षम नहीं होते हैं। इसे देखते हुए रायपुर, बिलासपुर और पेन्ड्रा-मरवाही में सेवा शुरू की है। जहां जरूरतमंदों को चिकित्सा उपकरण निःशुल्क उपलब्ध करवाने का प्रयास दस वर्ष से कर रहे हैं।

### हर महीने 15 से 20 लोगों को देते हैं उपकरण

रायपुर कार्यालय से ही हर महीने 15 से 20 लोगों को चिकित्सा उपकरण दिया जाता है। इलाज में होने वाले खर्च की मार से आहत परिवार के सामने घर में पीड़ित को रखने के लिए सुझाया गया चिकित्सा उपकरण खरीदने का सामर्थ्य नहीं होता है। इसलिए, संस्था ऐसे जरूरतमंद मरीजों को व्हील चेयर, एयर बेड, पैर की पीड़ा से आहतों को स्टीक, वॉकर, चिकित्सा बेड, ऑक्सीजन मशीन व अन्य चिकित्सा उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराती हैं। इस तरह से दस साल में 1500 से ज्यादा घायलों और मरीजों के परिजनों का खर्च बचाने में सहयोग दिया। उनको चिकित्सा उपकरण खरीदी से बचाने के साथ हर महीने 20 से ज्यादा लोगों को ब्लड डोनेट करते हैं।

### 162 जरूरतमंदों को दी गई स्थायी सुविधा

संस्था के मेंबर्स ने बताया कि विगत दस साल में युवाओं की भागीदारी से 44 मरीजों को हमेशा के लिए व्हील चेयर, 19 दिव्यांगों को ट्रायसिकल, 24 मरीजों को एयर बेड के साथ ही 40 घायलों को मेडिकल स्टीक और 35 से ज्यादा लोगों को वॉकर दिया गया। इस तरह सेवा का लाभ लेने वालों में हर वर्ग के लोग शामिल हैं। कार्यालय में संपर्क करते हुए लोग घायलों और मरीजों के लिए जरूरी सामग्री लेकर जाते हैं। यह सहयोग लोगों को अधिकतम एक महीने के लिए दिया जाता है। लेकिन, ज्यादातर लोग पहले चिकित्सा उपकरण दे जाते हैं। इसका किसी से भी कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। ऐसे लोगों को संस्था के युवा हरसंभव सहयोग इलाज के दौरान देते हैं।

## मेकअप का मंत्र : रोशनी के अनुसार चुनें अपना लुक दिन में नैचुरल, रात में बोल्ड शेड्स का करें इस्तेमाल

*रायपुर। जहां पहले मेकअप केवल खास अवसरों तक सीमित था, वहीं अब महिलाएं इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना रही हैं। फैशनेबल लुक के लिए सिर्फ आउटफिट ही नहीं, बल्कि सही मेकअप भी जरूरी माना जाने लगा है। इसे लेकर रोटरी क्लब ऑफ एलिगेंस द्वारा गुरुवार को "सुंदरता और आत्मविश्वास का सफर" विषय पर एक दिवसीय मेकअप वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का उद्देश्य महिलाओं को मेकअप की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का संचालन मेकअप आर्टिस्ट श्वेता और तनु द्वारा किया गया। उन्होंने महिलाओं को त्वचा की देखभाल और ब्रांडेड मेकअप प्रोडक्ट का इस्तेमाल करने की बात कही। साथ ही पार्टी, वेडिंग और डेली लाइफस्टाइल के साथ मेकअप करने के टिप्स साझा किए।*



### प्रभावशाली व्यक्तित्व के लिए मेकअप जरूरी



क्लब की प्रेसिडेंट नीरू अग्रवाल ने बताया कि वर्कशॉप में महिलाओं को मेकअप के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे स्वयं को बेहतर तरीके से प्रस्तुत कर सकें। कार्यक्रम में करीब 75 महिलाओं ने भाग लिया, जिन्हें प्रमाणपत्र दिया गया। इस अवसर पर क्लब की प्रेसिडेंट नीरू अग्रवाल, सेक्रेटरी तनुश्री अग्रवाल, चेयरपर्सन निक्की जैन और नीतू सिंघानिया उपस्थित रहीं।

### लाइव सेशन में दिए मेकअप टिप्स

इस लाइव डेमो सेशन में स्टेप-बाय-स्टेप मेकअप डेमो दिया गया, उन्होंने स्किन टोन से लेकर फाइनल लुक तक की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। मेकअप की शुरुआत हमेशा स्किन को जेल से मॉइस्चराइज से करनी चाहिए, इसके बाद कंसीलर का प्रयोग करें। खासतौर पर आई मेकअप सबसे पहले करना चाहिए, ताकि ग्लिटर या अन्य प्रोडक्ट्स चेहरे पर न गिरें। मेकअप आर्टिस्ट ने बताया कि सभी मेकअप लुक्स का बेस लगभग समान होता है, लेकिन डे और नाइट लुक पर ध्यान देना होता है। जहां दिन के समय हल्के और नैचुरल शेड्स का प्रयोग करना चाहिए, वहीं रात में गहरे और बोल्ड शेड्स सही होते हैं।

## रावणभाठा में बैल सजाओ और दौड़ प्रतियोगिता कल



**रायपुर।** कृष्ण मित्र फाउंडेशन के तत्वाधान में शनिवार को पोला पर्व के अवसर पर बैल दौड़, बैल सजाओ प्रतियोगिता एवं किसान सम्मान समारोह रखा गया है। यह प्रतियोगिता व समारोह दोपहर 3 से रावणभाठा दशहरा मैदान में आयोजित होगी। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम होंगे। कृषि मंत्री द्वारा बैल दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। वहीं कृषि मंत्री के हाथों 51 किसानों का सम्मान भी किया जाएगा। कृष्ण मित्र फाउंडेशन के अध्यक्ष माधवलाल यादव ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कृष्ण मित्र फाउंडेशन द्वारा लगातार आयोजन का यह 17वां वर्ष है।

### ये होंगे समारोह के अतिथि

कृषि मंत्री के अलावा उक्त कार्यक्रम में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, नगर निगम महापौर मीनल चौबे, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, पार्षद एवं एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, पार्षद रवि सोनकर, पार्षद प्रमोद साहू, पार्षद बद्री प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहेंगे।

कार्नर न्यूज

वैज्ञानिकों ने स्टूडेंट्स व प्रोफेसर के साथ किया शिक्षा एवं अनुसंधान कार्यों का आदान-प्रदान

## उज्बेकिस्तान के कृषि वैज्ञानिकों ने छत्तीसगढ़ में चावल मछली पालन, वनोपज के प्रोडक्शन-प्रोसेसिंग को समझा

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय तथा डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के मध्य कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए समझौता दौरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत कृषि विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में कृषि में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा एवं अनुसंधान सहयोग विषय पर विचार मंथन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें उज्बेकिस्तान के वैज्ञानिक दल ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों, स्टूडेंट्स के साथ किया शिक्षा एवं अनुसंधान कार्यों का आदान-प्रदान किया। इसमें डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के एक 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से छत्तीसगढ़ में चावल से स्टार्च बनाने की प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी के बारे में जानने दिलचस्पी जताई। इसके अलावा साफ पानी में टैंक बनाकर मछली पालन की तकनीक, वनोपज जैसे महुआ, गोंद, चार-चिरौंजी, इमली, तेंदू के प्रोडक्शन, प्रोसेसिंग तकनीक के बारे में जाना।





### प्रयोगशाला का किया अवलोकन

डेनाऊ इस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के रेक्टर प्रोफेसर रोजिव के नेतृत्व में आने वाले प्रतिनिधिमंडल ने कृषि विश्वविद्यालय में उपलब्ध अधोसंरचनाओं एवं अनुसंधान सुविधाओं का अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में सुगंधित एवं औषधीय पौधों के प्रदर्शन प्रक्षेत्र, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अनुसंधान प्रक्षेत्र, टिशू कल्चर लैब, कृषि संग्रहालय, जैव उर्वरक प्रयोगशाला, जैविक नियंत्रण प्रयोगशाला तथा डॉ. आरएल. रिछारिया जैव प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला का अवलोकन किया।

### ये रहे उपस्थित

डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के एक 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सहित संगोष्ठी में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सीपी खरे, संचालक अनुसंधान डॉ. वीके त्रिपाठी, निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एसएस टुटेजा, निदेशक शिक्षण डॉ. एके दवे, निदेशक प्रक्षेत्र डॉ. राजेंद्र लाकपाले, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय रायपुर डॉ. आरती गुहे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी डॉ. विनय पाण्डेय, अधिष्ठाता खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय डॉ. एसएस सेंगर, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा सहित समस्त विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिक तथा शोध विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शिक्षा लाइव

# जलवायु परिवर्तन से निपटने विषय पर लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता



**रायपुर।** पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय, साउथ एशियन क्लाइमेट चेंज जर्नलिस्ट फोरम के तत्वावधान में चित्रकला एवं निबंध लेखन स्पर्धा का आयोजन किया गया। परिसर में आयोजित प्रतियोगिता स्टूडेंट आर्ट गैलरी एवं लिटरेरी एप्टीट्यूड क्लब में सम्पन्न हुई। इस दौरान 150 विद्यार्थियों ने कला एवं लेखन शैली में सराहनीय प्रस्तुति दर्ज की। व्यक्तिगत जिम्मेदारी और सामुदायिक कार्रवाई, जलवायु परिवर्तन से निपटने का अनूठा तरीका विषय आधारित रहा।

### छत्तीसगढ़ में 1760 रजिस्टर्ड स्टार्टअप

बुधवार को इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल, जैव प्रौद्योगिकी अध्ययन शाला नवाचार एवं ऊष्मायन केंद्र और इलेक्ट्रॉनिक्स फोटोनिक्स अध्ययन शाला के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यान सत्र का आयोजन हुआ। इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल ने विषय पर आयोजित की गई। सत्र में परिचालन अधिकारी आशीष वर्मा मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने बताया कि भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। छत्तीसगढ़ में 1760 रजिस्टर्ड स्टार्टअप हैं, जिनमें से 300 आईजीकेवी राबी में इनक्यूबेटेड हैं। उन्होंने स्टार्ट अप पॉलिसी , स्टार्ट अप इकोसिस्टम के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने स्टार्टअप इनेबलर- इनक्यूबेटर्स और एस्केलेटर्स, स्टार्टअप सीड फंड स्कीम, डेयरी विकास स्कीम, राकेविविं स्कीम सहित नाबाद फंड एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड, बी आईआरआएसी, पीआरआईएसएम विभाग की जानकारी दी।

**महाराष्ट्र मंडल के तीज महोत्सव में महिलाओं ने दी प्रस्तुति, भक्ति संग संस्कृति की झलक**

# डमरू की धुन और जयकारों से गूंजा सभागार सावन-तीज महोत्सव पर सजी पारंपरिक छटा



नृत्य नाटिका की शुरुआत डमरू की ध्वनि के साथ हुई। जहां भगवान शंकर के विभिन्न रूपों व मुद्राओं को नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। सुंदर नगर केंद्र की आठ महिलाओं ने सामूहिक रूप से शिव नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी, नृत्य के दौरान मंच पर कपूर गौरम, करुणावतारम, संसार सारम, भुजगेंद्र हारम, हर शिवशंकर नीलकंठेश्वर और आई गिरि नंदिनी... जैसे भक्तिमय मंत्रों की गूंज से माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया। प्रस्तुति में भगवान शिव की विविध मुद्राओं, भावों और रूपों को दर्शाया गया, जिसमें तांडव से लेकर सौम्य रूप तक का अद्भुत संगम देखने को मिला। जहां हर-हर महादेव.. के जयकारों से सभागार गूंज उठा और दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट प्रस्तुति के दौरान सुनने को मिली।”

### बीन्स से लेकर फूलों तक से बनाए आभूषण

कार्यक्रम में 16 श्रृंगार स्पर्धा में डगनिया केंद्र की सोनल फड़नवीस ने अपनी रचनात्मकता और पारंपरिक मराठी सौंदर्य को नए रूप में प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया। सोनल ने मंच पर मराठी पारंपरिक वेशभूषा के साथ जब रैंप वॉक किया, तब दर्शकों की नजरें उनके अनोखे आभूषणों पर रहीं। जिन्होंने गहनों को सब्जियों और फूलों से सजाया, जो एक अलग ही सौंदर्य और नवाचार का परिचय दे रहे थे। माथे के टीका के लिए मक्का और फूल का प्रयोग, हाथ के कंगन, माला, झूमके को लिए बीन्स, गाजर, मक्का, शिमला मिर्च और फूलों से बनाया, बालों के गजरे और सैंडल को दूब से सजाया और कमरबंध के लिए मटर के दानों का खूबसूरत ढोर तैयार किया।




**रायपुर।** सावन और तीज महोत्सव के अवसर पर महाराष्ट्र मंडल द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के सुंदर नगर, डगनिया, अमलीडीह और टाटीबंध केंद्र में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत 16 श्रृंगार प्रतियोगिता के साथ हुई, जिसमें 21 प्रतिभागियों ने विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा और श्रृंगार को अनोखे अंदाज में प्रस्तुत किया। मंच पर मराठी, गुजराती, बंगाली, पंजाबी, राजपूताना, मारवाड़ी, साउथ इंडियन और छत्तीसगढ़ी परिधानों में सजी महिलाओं ने सांस्कृतिक विविधता की झलक पेश की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बुजुर्ग महिलाओं ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया, जिन्होंने मंच पर आकर पारंपरिक गीतों और लोकनृत्य के माध्यम से समां बांधा।






### छत्तीसगढ़ी राउत नाचा में झूमीं महिलाएं

जिन सागर मा विष्णु सोये, अउ लक्ष्मी पैर दवाए रे...यमुनाजी ता कारी-कारी अउ राधा गोरी-गोरी रे...वृंदावन मा धूम मचावे बरसाना के छोरी रे...छत्तीसगढ़ी लोकगीत राउत नाचा की पंक्ति की शुरुआत होती है, सभागार में मौजूद महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। जहां महिलाएं राउत नाच के दोहे का आनंद लेती दिखीं। एक से बढ़कर एक दोहे और राउत नाचा का अद्भुत मंचीय प्रस्तुति देखने को मिली।

### पार्वती बोली शंकर से.. सावन ने शोर मचाया है...

सावन एवं तीज महोत्सव के अवसर पर बुजुर्ग महिलाओं ने भी उत्साहपूर्व हिस्सा लिया, जहां कई डांस स्टेप भूलती दिखीं तो वहीं पहली बार मंच पर प्रस्तुति करने में कई संकोच करती नजर आईं। वहीं कई महिलाओं ने शानदार अंदाज में दर्शकों के समक्ष प्रस्तुति दी और खूब तालियां बटोरीं। ऐसे में रंग-रंगीली चुनरी.. पार्वती बोली शंकर से.. सावन ने शोर मचाया है..जैसे गानों पर महिलाएं झूमती नजर आईं। जहां मंच पर प्रस्तुत करते देख दर्शक खुद को भी थिरकने से रोक न सकीं और अपने स्थानों पर ही थिरकती रहीं।

## शिक्षा लाइव

# युवा पीढ़ी को पोषक आहार और कृषि के नए रोजगार की दी जानकारी



**रायपुर।** रविवि के इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल ने विश्व उद्यमी दिवस” के मौके पर सत्र का आयोजन एमएल श्रॉफ हॉल, फार्मेसी संस्थान, पीआरएसयू में किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता समर्पण नेचुरल फार्म एलएलपी की निदेशक एवं संस्थापक कविथा देव ने बताया कि उद्यमिता केवल व्यापार तक सीमित नहीं, बल्कि समाज की आवश्यकताओं और कल्याण से भी जुड़ी हुई है। विशेषकर कृषि क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और ऐसी पहल आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के साथ विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी कृषि आधारित उद्यमिता करते हैं तो समाज को सुरक्षित, पोषक एवं गुणवत्तापूर्ण आहार उपलब्ध कराने के साथ नए रोजगार, अवसर सृजित कर सकते हैं।

### कुटकी प्रजनन तंत्र के लिए लाभकारी

अपने व्याख्यान में उन्होंने मिलेट्स के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि मिलेट्स मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं। मुख्य मिलेट्स में ज्वार, बाजरा, रागी और लघु मिलेट्स में कोदो, कुटकी, कांगनी, सांवा, चेना आते हैं। उन्होंने बताया कि कोदो आंतों की सेहत के लिए लाभकारी है, कुटकी प्रजनन तंत्र को स्वस्थ रखने का काम करती हैं, वहीं कांगनी न्यूरॉन्स और मस्तिष्क के लिए लाभकारी है। देव ने कहा कि इन पोषक अनाजों का नियमित सेवन से स्वास्थ्य बेहतर होता है।

# संसार में सब अनियंत्रित, केवल धर्म ही करता है जीवन को नियंत्रित




**रायपुर।** श्री ऋषभदेव जैन मंदिर ट्रस्ट और आत्मोत्थान वर्षावास समिति 2025 के तत्वावधान में पर्वाधिराज पर्यूषण महापर्व का आरंभ हो गया है। साध्वी भगवंतश्री हंसकीर्ति आदि ठाणा की पावन निश्रा में शुरू हुए इस महापर्व में सुबह प्रतिक्रमण, प्रवचन और कल्पसूत्र वाचन के साथ वातावरण धर्ममय हो गया है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में आराधना भवन, दादाबाड़ी और जिनालयों में एकत्र होकर आत्मकल्याण की भावना से सहभागी बन रहे हैं। साथ ही प्रतिदिन रात्रि भक्ति के दौरान संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 5.30 बजे राई प्रतिक्रमण और शाम 6.30 बजे दिवसीय प्रतिक्रमण के साथ दिन की शुरुआत हो रही है। श्रावकों का प्रतिक्रमण आराधना भवन, सदर बाजार में तथा श्राविकाओं का दादाबाड़ी, एमजी रोड पर हो रहा है। प्रतिदिन सुबह 8.45 बजे श्री जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी में प्रवचन का क्रम भी जारी है। महापर्व के दौरान मोक्ष तप और नवकार तप की शुरुआत भी हो चुकी है। सात एकासना और एक उपवास की साधना के साथ अक्षयनिधि एवं समावशरण और विजयकषाय तप भी निरंतर चल रहा है। साधना और तपस्या से परिपूर्ण यह आयोजन श्रद्धालुओं को आत्मशुद्धि और संयम की ओर अग्रसर कर रहा है।

### पर्यूषण की वास्तविक आराधना पांच कर्तव्यों का पालन

जैन शासन में मोक्ष प्राप्ति के लिए अनेक मार्ग बताए गए हैं, किंतु उनमें सबसे विशिष्ट पर्व पर्यूषण महापर्व है। इस पर्व पर जैन श्रावक वर्ग पांच प्रमुख कर्तव्यों की विशेष आराधना करता है। मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में इन पांच कर्तव्यों का महत्व स्पष्ट किया। बताया कि आत्मा को करुणामय बनाने हेतु जीवों पर दया करना परम आवश्यक है। “दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान” तुलसीदास जी का यह वचन जीव दया की महत्ता को प्रकट करता है। मुनिश्री ने उदाहरण स्वरूप आचार्य श्री हीरसूरीश्वर जी महाराज का उल्लेख किया, जिन्होंने मुगल सम्राट अकबर को प्रेरित कर पूरे भारतवर्ष में छह माह तक हिंसा बंद करवाई थी। धर्मानुयायी यदि किसी भी रूप में- आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक या व्यावसायिक कमजोर हों, तो उनकी सहायता करना प्रत्येक श्रावक का परम कर्तव्य है।



### शिवभक्तों को नहीं होती शनि की पीड़ा

शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर में चातुर्मास प्रवचन माला के क्रम को गति देते हुए शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी डॉ. स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने शिवपुराण की कथा को विस्तार देते हुए बताया कि भगवान शिव के भक्तों को शनि की पीड़ा नहीं होती है। महाराजश्री ने दधीचि के पुत्र पिप्पलाद, जो साक्षात शंकर के अवतार थे।पिप्पलाद के प्रसंग में बताया की दैत्यों के अत्याचार से मुक्ति पाने तथा वृत्रासुर के वध की कामना से अस्थि मांगने गए दधीचि के पास समस्त देवता कहने लगे कि भगवन! इसमें संदेह नहीं है कि मांगने वाले लोग स्वार्थी होते हैं, वे देने वाले की कठिनाई का विचार करने की बुद्धि नहीं रखते हैं, यदि उनमें इतनी समझ होती तो वह मांगते ही क्यों? इसी प्रकार दाता भी मांगने वाले की विपत्ति नहीं जानता है, अन्यथा उसके मुंह से कदापि न नहीं निकलता।



# जैतूसाव मठ में छट्ठी महोत्सव, स्वर्ण श्रृंगार, लगाया सोंठ के लड्डुओं का भोग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुरूप, पुरानी बस्ती स्थित श्री जैतूसाव मठ में गुरुवार को छट्ठी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन धार्मिक श्रद्धा और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम रहा। महोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर और गर्भगृह को फूलों की बगिया थीम पर आकर्षक ढंग से सजाया गया। गुलाब, गेंदा और अन्य पारंपरिक पुष्पों से सजावट अद्भुत आकर्षण का केंद्र रही। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में उमड़ती रही। मंगल आरती के साथ दिन की शुरुआत हुई, जहां भगवान श्रीकृष्ण को विशेष रूप से सोंठ के लड्डुओं का भोग अर्पित किया गया। पूजन के दौरान स्वर्ण आभूषणों से सजे स्वरूप और माथे पर लगा चंदन तिलक दर्शनार्थियों के विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा।



### छट्ठी पर्व पर 2-3 हजार श्रद्धालुओं को कढ़ी-भात का प्रसाद

पलना में ललना झुलावे यशोदा मैया, नजरें उतारे और डिठोना लगावे....महिला मंडल द्वारा मनमोहक सोहर गीत के साथ छट्ठी महोत्सव की शुरुआत की गई। जहां 2-3 हजार की संख्या में श्रद्धालु विशेष दर्शन मात्र के लिए शामिल हुए। दोपहर 12 बजे मंदिर परिसर में भव्य रूप से छट्ठी आरती की गई, इस मौके पर मालपुआ और कढ़ी-भात का विशेष भोग अर्पित किया गया। ऐसे में दर्शन के लिए पहुंचे भक्तों को भी कढ़ी-भात का भोग प्रसाद के रूप में दिया गया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि यह महोत्सव हर वर्ष पारंपरिक विधि-विधान से आयोजित किया जाता है, ताकि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक भावनाएं आने वाली पीढ़ियों तक जीवित रहें।



## धर्म लाइव

# संकटमोचन हनुमान मंदिर में महाआरती, बांटा प्रसाद



**रायपुर।** रेलवे स्टेशन स्थित सर्वधर्म संकटमोचन हनुमान मंदिर में गुरुवार को भगवान हनुमान की महाआरती धूमधाम से संपन्न हुई। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से गूंज उठा। कार्यक्रम में नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव भी शामिल हुए। वे अपने जन्मदिन पर मंदिर पहुंचे, जहां मंदिर समिति और सामाजिक संगठनों ने उनका भव्य स्वागत किया। श्री श्रीवास्तव ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर हनुमानजी से प्रदेश की खुशहाली और जनकल्याण की कामना की।

### हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष राजकुमार राठी, अंकित राठी सहित ग्रैंड ग्रुप के अध्यक्ष गुरुचरण सिंह होरा, रमेश मिरघानी, किशोर कुंदनानी, कमलेश तिवारी, महेंद्र सिंघानिया, सुब्रत घोष, पल्लवी मनुदेव, सविता गुप्ता, राहुल तिवारी और अनुराग चौधरी मौजूद रहे। मंदिर समिति ने बताया कि विशेष अवसरों पर इस तरह की महाआरती और प्रसादी वितरण से श्रद्धालुओं को एकजुट करने का प्रयास किया जाता है। गुरुवार को हुए आयोजन में हजारों भक्तों ने भाग लिया और सामूहिक रूप से भगवान हनुमान के भजन-कीर्तन का आनंद लिया।

**26 वर्षों से पूरे परिवार के साथ इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं के निर्माण में जुटे हैं शिवचरण यादव**

# पहली बार बनाई थी मिट्टी की प्रतिमा, फिर बुद्धि के देवता गणपति की हुई ऐसी कृपा कि बन गए इको फ्रेंडली मूर्तियों के प्रसिद्ध निर्माता

कार्नर न्यूज

*रायपुरा बांस डिपो निवासी शिवचरण यादव आज प्रदेश के सबसे प्रसिद्ध इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माताओं में शुमार हैं। शिवचरण का पूरा परिवार गणेश चतुर्थी पर्व से तीन माह पहले से ही श्रद्धालुओं से मिले ऑर्डर के अनुरूप विविध थीम पर इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं बनाने में जुट जाता है। इस सीजन भी इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं में अनाज, पूजा सामग्री, रेडीमेड खाद्यान सामग्री आदि पर्यावरण के अनुकूल सामग्री एवं वस्तुओं का प्रयोग कर प्रतिमाएं तैयार की हैं।*

**रायपुर।** शिवचरण यादव ने हरिभूमि से अपने इको-फ्रेंडली गणपति प्रतिमाओं के बनाने की कला की शुरुआत करने की कहानी साझा की। शिवचरण ने बताया कि उनका मुख्य व्यवसाय गुपचुप, चाट विक्रय का है। साल 1999 में खुद ऐसे ही मिट्टी की प्रतिमाएं घर में विराजित करने के लिए बनाने बैठे। मिट्टी के गणपति निर्माण के बाद मन में सहसा इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं बनाने का विचार आया, फिर अनाज और दूसरी इको-फ्रेंडली वस्तुओं के उपयोग से पर्यावरण के अनुरूप गणेश प्रतिमाएं बनानी शुरू कीं। इन इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं की शहर में खूब चर्चा हुई, फिर बुद्ध और रिद्धि-सिद्धि के दाता गणपति की ऐसी कृपा हुई कि इन 26 वर्षों में पूरे प्रदेशभर में इको-फ्रेंडली गणपति के लिए दर्जनों की संख्या में श्रद्धालुओं से ऑर्डर मिलने लगे और इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण को अलग पहचान मिल गई। मेरे साथ अब मेरी पत्नी अनिता यादव, दो बेटे राहुल यादव, रवि यादव, बहू राजेश्वरी, बेटी राशि सहित पूरा परिवार मिलकर इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं के निर्माण में जुटे हैं।





### 1000 रुपए से 1 लाख तक की मूर्तियां

इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माता राहुल यादव ने बताया कि साइज व सामग्री के हिसाब से प्रतिमाओं की कीमत तय होती है। ग्राहक अपनी थीम के अनुरूप निर्माण सामग्री उपलब्ध कराते हैं। हम लोग केवल उनका ढांचा, वजन, साइज के मुताबिक आवश्यक सामग्री की मात्रा बता देते हैं और ग्राहकों से केवल निर्माण का चार्ज ही लेते हैं। अभी बनाई गई इको-फ्रेंडली गणपति के प्रतिमाओं की लागत साइज के हिसाब से छोटी प्रतिमाएं 1000 रुपए, 8 फीट की बड़ी प्रतिमाओं की लागत कीमत करीब 70 हजार से 1 लाख रुपए तक है।

### पूजा सामाग्री व खाद्य वस्तुओं से बना रहे प्रतिमाएं

शिवचरण यादव के छोटे बेटे राहुल यादव ने बताया कि इस सीजन में विविध थीम पर गणेश प्रतिमाएं बनाने प्रदेशभर से ऑर्डर मिला है। एक ग्राहक की डिमांड पर पूजा सामग्री जैसे पूजा सुपारी, नारियल, जनेऊ से लगभग 7 फीट ऊंची और 800 किलोग्राम वजनी गणपति प्रतिमा बनाई है। वहीं 20 किलोग्राम से अधिक लाल चंदन, सफेद चंदन, पीला व काला चंदन के प्रयोग कर 8 फीट ऊंची गजानंद की प्रतिमा बनाई गई है। इसी तरह 6 हजार धागा गोले, 7 हजार शर्ट के बटन से गणपति प्रतिमा तैयार की है। वहीं धान, राजमा, 8 से 9 किलोग्राम पास्ता से छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमाएं बनाई हैं।

## हेल्थ टिप्स

## बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट में छत्तीसगढ़ ने महाराष्ट्र को 35 रनों से हराया



**रायपुर।** तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 18 अगस्त से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का पहला मैच (18 - 20 अगस्त) चेन्नई, तमिलनाडु में महाराष्ट्र के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन महाराष्ट्र को 35 रनों से हराकर छत्तीसगढ़ ने पहली जीत दर्ज की। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 89.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 252 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से संजित देसाई ने शानदार 93 रन बनाये। साथ ही अवनीश सिंह धालीवाल ने 52 रन तथा शुभम अग्रवाल ने 41 रनों का योगदान दिया। महाराष्ट्र की ओर से विक्की ओस्तवाल तथा हितेश वलूंज ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन महाराष्ट्र की पहली पारी 73 ओवरों में 217 रन बनाकर समाप्त हो गयी। महाराष्ट्र की ओर से पृथ्वी शॉ ने सर्वाधिक 111 रन बनाये। उनके अतिरिक्त सौरभ नवाले ने नाबाद 50 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से वरुण सिंह भुई तथा शशांक तिवारी ने 3-3 विकेट और सौरभ मजूमदार ने 2 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 43.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 149 रन बनाये तथा महाराष्ट्र को जीत के लिये 186 रनों का लक्ष्य दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से आयुष पांडे ने 49 रन तथा शुभम अग्रवाल ने 19 रन बनाये। वहीं महाराष्ट्र की ओर से हितेश वलूंज तथा विक्की ओस्तवाल ने 5-5 विकेट प्राप्त किये। 186 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराष्ट्र की टीम 43।5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 149 रन ही बना सकी। महाराष्ट्र की ओर से अंकित ने 66 रन तथा सिद्धेश ने 31 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से शुभम अग्रवाल ने षानदार गेंदबाजी करते हुये 6 विकेट प्राप्त किये। वरुण सिंह भुई ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने 35 रनों से मैच जीत लिया।

## बीसीए की टीम में शामिल होने चयन 24 से, रजिस्ट्रेशन आज तक



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) की ओर से अंडर-14,16,19 और 23 एवं सीनियर वर्ग की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता अक्टूबर माह से आयोजित की जाएगी। इस अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की टीम भी भाग लेगी। बीसीए की टीम के गठन हेतु अंडर 14 आयु वर्ग की चयन स्पर्धा 24 अगस्त, अंडर 19 आयु वर्ग की चयन स्पर्धा 31 अगस्त ,अंडर 23 एवं सीनियर वर्ग की चयन स्पर्धा 7 सितंबर एवं अंडर 16 आयु वर्ग की चयन स्पर्धा 14 सितंबर को आयोजित की जाएगी। आगामी 24 अगस्त दिन रविवार को सुबह 9:00 से अंडर 14 आयु वर्ग की चयन स्पर्धा कल्याण कॉलेज के इंडोर पिच में आयोजित की जा रही है। इस चयन स्पर्धा में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि अंडर 14 आयु वर्ग हेतु 22 अगस्त दिन शुक्रवार है। इसी प्रकार अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी जिन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन अभी तक नहीं कराया है वे 25 अगस्त से 29 अगस्त तक करा सकते हैं। इसी प्रकार अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों जिन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन अभी तक नहीं कराया है। वे 1 सितंबर से 5 सितंबर तक करा सकते हैं।इसी प्रकार अंडर 16 आयु वर्ग के खिलाड़ियों जिन्होंने अभी तक अपना रजिस्ट्रेशन नहीं किया है वे 8 सितंबर से 12 सितंबर तक करा सकते हैं। यह जानकारी भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी है

## राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस 29 से




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा 29 से 31 अगस्त तक भोला प्रसाद तिवारी स्मृति में प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा में किया जा रहा है। जिसमें 29 अगस्त को यूथ अंडर-19 (यूथ) एवं यूथ अंडर-15 (सब जुनियर) एकल वर्ग (बालक/बालिका) 30 अगस्त को सीनियर (पुरुष/महिला) एवं यूथ अंडर-11 (होप्स) एकल वर्ग (बालक/बालिका) तथा ३१ अगस्त को यूथ अंडर-17 (जुनियर), यूथ अंडर-13 (कैडेट) एकल वर्ग (बालक/बालिका) एवं सीनियर (पुरुष) एकल वर्ग की प्रतियोगिता होगी । प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों से कुल मिलाकर लगभग 250 पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। यह प्रतियोगिता एकल इवेंट्स में सीनियर पुरुष एकल, सीनियर महिला एकल, अंडर-19 (यूथ) बालक एकल होंगे।

### सिर में होने वाला दर्द आपके शरीर के दूसरे हिस्सों को भी करता है प्रभावित

# माइग्रेन रहता है तो हो जाइए सावधान, हार्ट अटैक और जानलेवा रोग का भी इससे बढ़ सकता है खतरा

माइग्रेन बहुत सामान्य सी न्यूरोलॉजिकल समस्या है जिसमें सिर के एक हिस्से में तेज दर्द होने लगता है। इस दर्द के अनुभव के साथ धड़कनों में तेजी, मतली, उल्टी और ध्वनि-प्रकाश के प्रति अत्यधिक संवेदनशीलता का भी अनुभव हो सकता है। माइग्रेन का सिरदर्द, सामान्य सिरदर्द की तुलना में अधिक तीव्रता वाला होता है, इसपर गंभीरता से ध्यान देने की भी आवश्यकता होती है क्योंकि कुछ स्थितियों में ये साइकोसोमेटिक डिसऑर्डर के कारण होने वाली समस्या भी हो सकती है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि अगर आपको लंबे समय से माइग्रेन की समस्या बनी हुई है, तो इसपर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। माइग्रेन पर ध्यान न देना हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है। यही कारण है कि समय रहते इस समस्या का निदान और उपचार किया जाना चाहिए। आइए माइग्रेन के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानते हैं।





### माइग्रेन के कारण होने वाली दिक्कतें

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, दुनियाभर में, स्ट्रोक मृत्यु का दूसरा सबसे आम कारण है। भारत में सालाना 1.85 लाख से अधिक लोग स्ट्रोक के शिकार होते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि माइग्रेन से पीड़ित लोगों में स्ट्रोक होने का खतरा अधिक हो सकता है। माइग्रेन और इस्केमिक स्ट्रोक के बीच संबंधों को लेकर कई अध्ययनों में भी स्पष्ट किया गया है, क्योंकि ये दोनों रक्त वाहिकाओं की आपूर्ति से संबंधित समस्याएं हैं।

### हृदय रोग और स्ट्रोक का बढ़ सकता है जोखिम

एक अन्य अध्ययन से पता चलता है कि जो लोग माइग्रेन से पीड़ित हैं, उनमें हृदय संबंधी समस्याओं जैसे दिल का दौरा या हृदय गति से संबंधित विकारों जैसे एट्रियल फाइब्रिलेशन का खतरा दो गुना अधिक हो सकता है। जर्नल ऑफ न्यूरॉलजी में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं की टीम ने बताया कि माइग्रेन का अगर समय रहते उपचार न किया



जाए तो इसके कारण इस्केमिक स्ट्रोक हो सकता है जो जानलेवा दुष्प्रभावों वाला माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ऐसे लोग जो पहले से माइग्रेन की समस्या से परेशान हैं उन्हें उपचार के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों से जरूर मिलना चाहिए।

माइग्रेन और इसके जोखिम

शोधकर्ताओं ने बताया कि माइग्रेन वाले किसी व्यक्ति के जीवनकाल में इस्केमिक स्ट्रोक होने का जोखिम लगभग दोगुना हो जाता है। इसके अलावा क्रोनिक माइग्रेन कुछ लोगों के जीवन की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव भी डाल सकती है। इसके अलावा जिन लोगों को अक्सर माइग्रेन की दिक्कत होती रहती है उनमें मानसिक स्वास्थ्य या नींद की समस्या का खतरा भी काफी बढ़ जाता है।

## हथेली की एक रेखा पूरा करती है विदेश यात्रा पर जाने का सपना

यदि किसी की हथेली पर कोई लकीर जीवन रेखा से निकलकर भाग्य रेखा को पार करते हुए चंद्र पर्वत की ओर जाए तो विदेश यात्रा का योग बनता है। मान्यता है कि ये लकीर जितनी गहरी और साफ सुथरी होगी विदेश यात्रा उतनी ही सफल होगी। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार यदि किसी व्यक्ति की हथेली पर बुध पर्वत के पास से कोई रेखा निकलकर सूर्य पर्वत पर जा मिलती हो तो ऐसा व्यक्ति कई बार विदेश यात्रा करता है। वहीं यदि किसी व्यक्ति की हथेली में चंद्र पर्वत से निकलकर कोई रेखा शनि पर्वत से मिलती है तो ऐसे व्यक्ति का भाग्य विदेश में जाकर चमकता है। हथेली पर मौजूद कुछ निशान बहुत ही शुभ होते हैं, जिनमें त्रिभुज जैसा निशान बहुत खास होता है। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार यदि चंद्र पर्वत पर त्रिभुज का निशान बने तो समझिए आपको कई बार विदेश यात्रा करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। वहीं हथेली की रेखाओं और निशान के



अलावा तिलों से भी विदेश यात्रा के बारे में संकेत मिलते हैं। यदि किसी व्यक्ति की दाहिनी भौंह के पास कोई तिल का निशान बने तो व्यक्ति का व्यापार दूसरे देशों में भी होता है। ऐसे व्यक्ति को कई बार अलग-अलग देशों में यात्रा करने का मौका मिलता है। इसके अलावा किसी व्यक्ति के नाक, पैर के तलवे या अंगूठे पर तिल होता है तो वह व्यक्ति विदेश यात्रा जरूर करता है।

## नाश्ते में बनाएं देसी तड़का नान सैंडविच, खाकर आ जाएगा मजा

सुबह के नाश्ते में हमेशा कुछ न कुछ अलग और स्वादिष्ट बनाते रहना चाहिए। नाश्ता सेहत के लिए भी जरूरी है और मन मस्तिष्क के लिए भी। इसलिए रोज एक जैसा नाश्ता न बनाकर नई-नई डिश ट्राई कर सकते हैं।



**नान सैंडविच बनाने के लिए सामग्री** -2 बचे हुए नान, पुदीने की चटनी, आधा कप कटा हुआ प्याज (फिलिंग के लिए), आधा कप कटा प्याज (सैंडविच के लिए), आधा कप कटा हुआ टमाटर, कटा हुआ खीरा, एक उबला हुआ आलू, एक कप भिगोया हुआ सोया, कटी हुई हरी धनिया, लाल मिर्च पाउडर, काली मिर्च पाउडर, 2-4 टुकड़ों में कटी मिर्च, चाट मसाला, बटर-चीज कद्दूकस किया हुआ और स्वादानुसार नमक।

**नान सैंडविच बनाने की रेसिपी-: स्टेप 1** - एक पैन को आंच पर गर्म करें। अब इसमें थोड़ा मक्खन डालें। फिर कटा हुआ प्याज, कटी हुई मिर्च डाल कर भूनें। लाल मिर्च पाउडर, काली मिर्च पाउडर डालकर मिला लीजिए। जब अच्छी तरह से मिक्स हो जाए तो इसमें उबले आलू और भीगे हुए सोया को डाल कर मैश कर लीजिए।



## थायरॉइड को हराने नियमित तौर पर करें इन योगासनों का अभ्यास

तनाव के कारण हाइपोथायरायडिज्म की समस्या हो सकती है। थायराइड का स्तर बढ़ने पर कई स्वास्थ्य संबंधित जटिलताएं हो सकती हैं। थायराइड गले में स्थित एक छोटी ग्रंथि है, जो कई आवश्यक हार्मोन स्त्रावित करती है। ये हार्मोन मेटाबॉलिज्म, शरीर के तापमान और विकास के लिए आवश्यक होते हैं। थायराइड के स्तर के बढ़ने या कम होने, दोनों ही स्थिति में शरीर को नुकसान हो सकता है। योग गुरु, कुछ योग मुद्राओं को थायराइड के स्तर को संतुलित करने के लिए सहायक मानते हैं।

समग्र स्वास्थ्य के लिए योग फायदेमंद माना जाता है। योग से शरीर में ऊर्जा संतुलित होती है और लचीलापन आने के साथ ही तनाव की समस्या से छुटकारा मिलता है। कई तरह की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के लिए योग को असरदार माना जाता है। थायराइड के स्तर को नियंत्रित करने और स्वास्थ्य समस्याओं को कम करने के लिए यहां कुछ योगासनों के फायदे बताएं जा रहे हैं

### थायराइड में करें सेतुबंधासन का



### अभ्यास

इस आसन को ब्रिज पोज भी कहते हैं। पीठ और रीढ़ की हड्डी को मजबूत करने के लिए यह योगासन लाभकारी है। अध्ययनों से पता चला है कि सेतुबंधासन के अभ्यास से थायराइड के लक्षणों को कम किया जा सकता है। इस आसन को करने के लिए पीठ के बल लेट कर पैरों को कंधे की चौड़ाई से थोड़ा अलग करके घुटनों को मोड़ लें। अब हथेलियों को खोलते हुए हाथ को बिल्कुल सीधा जमीन पर सटा लें और सांस को लेते हुए कमर के हिस्से को ऊपर की ओर उठाएं। सांस छोड़ते हुए पुरानी वाली स्थिति में आ जाएं।

### कोबरा पोज

थायराइड की समस्या से राहत पाने के लिए कोबरा पोज का अभ्यास कर सकते हैं। इस आसन से गले और थायराइड को उत्तेजित करने में सहायक माना जाता है। कोबरा पोज के अभ्यास से लिए जमीन पर लेटकर हथेलियों को फर्श पर कंधे की चौड़ाई से अलग रखें। अब श्वास लेते हुए छाती को फर्श से उठाते हुए छत की ओर देखें। अब शरीर को फर्श पर दोबारा लेकर आएं। इस योग को दोहराएं।

### कैट-काउ पोज

थायराइड की समस्या से परेशान लोगों को कैट काऊ का अभ्यास करना चाहिए। यह गले में रक्त के प्रवाह को निरंतर जारी रखने में लाभकारी है। इस आसन को करने के लिए सबसे पहले कलाइयों और घुटनों की मदद से जानवरों जैसी मुद्रा बना लें।



























# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का पहला रेल इंजन कवच प्रणाली से हुआ लैस, अब 551 इंजनों में होंगे स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेल यातायात की संरक्षा और गति क्षमता को नई दिशा देने के लिए भारतीय रेलवे ने बड़ा कदम उठाया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का पहला रेल इंजन अब स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम 'कवच' से लैस हो गया है। "कवच" प्रणाली का मुख्य उद्देश्य ट्रेनों के बीच टक्कर की संभावनाओं को समाप्त करना और लोको पायलट को रियल टाइम सिग्नल संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना है। यह सिस्टम स्टेशन इंटरलॉकिंग और लोकोमोटिव के बीच संचार नेटवर्क से जुड़ा होता है, जिसके माध्यम से सिग्नल डेटा का आदान-प्रदान होता है। साथ ही, रेल पटरियों पर लगाए गए टैग लोकोमोटिव की सटीक स्थिति निर्धारित करने में मदद करते हैं। इसके जरिए लोको पायलट को समय रहते सूचना मिलती है, जिससे ट्रेन संचालन और भी सुरक्षित और कुशल हो जाता है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस तकनीक के इस्तेमाल से न केवल संरक्षा स्तर में इजाफा होगा, बल्कि रेल यातायात की गति और क्षमता भी बढ़ेगी।

## नागपुर-झारसुगुड़ा रेलखंड में कवच प्रणाली लागू करने चल रहा है कार्य

### कवच प्रणाली स्थापित करने का कार्य शुरू

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम 'कवच' की स्थापना का कार्य शुरू हो गया है। कुल 551 लोकोमोटिवों रेल इंजनों में चरणबद्ध तरीके से यह प्रणाली लगाई जाएगी। इस दिशा में लोको संख्या 37704 **WAP**-7 को 21 अगस्त 2025 को भिलाई स्थित इलेक्ट्रिक लोको शेड में कवच प्रणाली से सफलतापूर्वक लैस किया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर व मंडल रेल प्रबंधक मौजूद रहे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत नागपुर – झारसुगुड़ा रेलखंड में कवच प्रणाली लागू करने का कार्य प्रगति पर है, और इसी परियोजना के तहत यह रेल इंजन कवच से लैस किया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह उपलब्धि महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश के कुशल मार्गदर्शन और सतत निगरानी में संभव हो सकी है।

### कवच प्रणाली की विशेषताएं

**टक्कर से बचाव** : यह प्रणाली दो ट्रेनों के बीच आमने-सामने की टक्कर की संभावनाओं को पूरी तरह समाप्त करती है।

**दुर्घटना निवारण** : सिग्नल एवं स्पीड से जुड़ी त्रुटियों या लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने में यह तकनीक पूर्णतः सक्षम है।

**विश्वसनीय संचार नेटवर्क** : पूरे सेक्शन में स्थापित वायरलेस कम्युनिकेशन सिस्टम के माध्यम से स्टेशन इंटरलॉकिंग, सिग्नल और समपार फाटकों की रियल टाइम जानकारी सीधे लोको पायलट को मिलती है।

**गति और सिग्नल का समन्वय** : ट्रेन की गति सिग्नल की स्थिति के साथ स्वतः इंटरलॉक हो जाती है, जिससे संचालन के दौरान संरक्षा का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित होता है।

**उच्च गति पर भी सुरक्षित संचालन** : यह प्रणाली लोको पायलट को निरंतर सहयोग देती है और ट्रेनों के उच्च गति संचालन को भी और अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बनाती है।

---

मनरेगा योजना अंतर्गत रायपुर वनमंडल माना की नर्सरी में निशुल्क बांटने विभिन्न प्रजातियों के पौधे तैयार

# माना की नर्सरी में 10 लाख पौधे तैयार, इनमें से अब तक 4 लाख ही बांटे गए, 6 लाख डंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



हरिभूमि सरोकार

रायपुर वन मंडल अंतर्गत माना स्थित नर्सरी में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, बढ़ावा देने एवं शासकीय कार्यालयों को हरा-भरा करने के लिए मनरेगा योजना अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के पौधे तैयार कर निःशुल्क बांटने का अभियान चलाया जा रहा है। इस योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय स्कूलों एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यालयों के परिसर में इन पौधों को लगाया जा रहा है। वहीं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भी शासकीय कर्मचारियों को फलदार एवं औषधि प्रजाति के पौधे निःशुल्क बांटे जा रहे हैं। इन पौधों को तैयार करने के लिए पिछले वर्ष 10 लाख पौधे तैयार किए गए हैं, जिसे चालू वर्ष में बारिश का सीजन खत्म होने के पहले बांटे जाने थे, लेकिन अभी तक वन मंडल करीब 4 लाख पौधे ही बांट पाया है। वहीं शेष 6 लाख पौधे अभी भी नर्सरी में पड़े हुए हैं, जिसकी कीमत करीब 60 लाख रुपए है।

हरिभूमि की टीम गुरुवार को माना वनमंडल की नर्सरी पहुंची थी और यहां बचे हुए पौधों की पड़ताल की कि वे सुरक्षित हैं या खराब चुके हैं। इस पड़ताल में बचे हुए पौधों में 90 से 95 प्रतिशत सही पाए गए, वहीं 5-10 प्रतिशत पौधे अधिक बारिश के कारण खराब हो चुके थे। हालांकि डीएफओ पवन पिल्ले ने बताया कि खराब हुए पौधों की जगह नए पौधे लगाए जा रहे हैं।

### एनजीओ एवं निजी सोसाइटियों को रियायती दर पर दिए जा रहे पौधे

मनरेगा योजना के तहत तैयार किए गए विभिन्न प्रजातियों के पौधे शासकीय कार्यालय एवं कर्मचारियों को जहां निःशुल्क बांटे जा रहे हैं, वहीं पर्यावरण के प्रति प्रेम रखने वाले एनजीओ एवं निजी सोसाइटियों, संस्थाओं को भी ये पौधे रियायती दर पर दिए जा रहे हैं। इस तरह एक पौधा को तैयार करने में जितना खर्च आता है, उसी दर पर चालान काटकर दिया जाता है। चालान की राशि सीधे विभाग के खाते में चली जाती है।

### मांग के अनुसार बांटे जा रहे

जैसे-जैसे पौधों की मांग आती है, उसके अनुसार पौधे वितरित किए जा रहे हैं। पिछले वर्ष 10 लाख पौधे तैयार किए गए हैं, जिनमें 4 लाख बांट चुके हैं। कई एनजीओ व निजी संस्थाओं को भी रियायती दर पर पौधे दिए गए हैं।

- **पवन पिल्ले**, डीएफओ, माना वनमंडल रायपुर

### सिर्फ स्वीकृति देना हमारा काम

मनरेगा योजना के तहत रायपुर वन मंडल माना की नर्सरी में तैयार किए जाते हैं पौधे। हमारा विभाग सिर्फ वन मंडल द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को स्वीकृति देता है। पौधा तैयार करना, देखरेख और बांटने का काम वन मंडल करता है।

- **रोशनी तिवारी**, जिला अधिकारी मनरेगा

### पिछले वर्ष के बंटे नहीं

वन मंडल की ओर से जिला पंचायत रायपुर को मनरेगा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 11 लाख 60 हजार 916 पौधे तैयार करने का प्रस्ताव भेजा गया है, जबकि पिछले वर्ष तैयार किए गए पौधों में अभी तक 50 प्रतिशत भी वितरण नहीं किए गए हैं। वन मंडल के अधिकारी का कहना है कि पर्यावरण के प्रति लोग पहले से ज्यादा जागरूक हुए हैं, वहीं प्रशासन भी अब शासकीय कार्यालयों एवं कर्मचारियों को भी पौधा लगाने कह रहा है। इस कारण आगामी वर्ष में पौधों की ज्यादा मांग रहेगी। इसे देखते हुए यह प्रस्ताव बनाया है।

### एक पौधा तैयार करने के पीछे 10 रुपए का खर्च, मजदूरी अलग

उप वनमंडलाधिकारी भूपेंद्र यादव ने बताया कि एक पौधा तैयार करने के पीछे करीब 10 रुपए का खर्च है। मिट्टी के साथ खाद, बीज एवं प्लास्टिक पन्नी मिलाकर एक पौधा तैयार किया जाता है। इस पौधा को तैयार करने के लिए श्रमिक भी रखे गए हैं। 8 हेक्टेयर में फैली नर्सरी में पौधे तैयार करने करीब दो सौ श्रमिकों को लगाया जाता है। इसके एवज में उन्हें श्रमिक दर से भुगतान भी किया जाता है।

### इन प्रजातियों के पौधे तैयार कर बांटे जा रहे

फलदार पौधों में पपीता, जामुन, अमरूद, आम, सीताफल। औषधि पौधों में मुनगा, आंवला, कटहल, नीम सहित अन्य पौधे हैं। इसके अलावा मिश्रित प्रजातियों के पौधों में भी कई पौधे हैं।

# नान अध्यक्ष श्रीवास्तव के जन्मदिन पर पौधारोपण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने गुरुवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर एक अनूठी पहल की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और सहयोगियों के साथ मिलकर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस मौके पर श्री श्रीवास्तव ने कहा कि मां का स्नेह और प्रकृति का संरक्षण दोनों ही जीवन को संवारते हैं। पौधारोपण के माध्यम से हम आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व हरित वातावरण का उपहार दे सकते हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने फोन कॉल कर जन्मदिन की बधाई दी। पौधारोपण करने वालों में राजेश गुप्ता, विकास अग्रवाल, मखमूर खान, सचिन सिंघल, महेंद्र पंडित आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस अंधविश्वास से दूर रहने अभियान

**रायपुर।** तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव में छत्तीसगढ़ में वैज्ञानिक सोच के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यरत संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस मनाया गया। 20 अगस्त को प्रतिवर्ष पूरे भारत में राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी श्रृंखला में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में यह आयोजन किया गया, जिसे छत्तीसगढ़ तर्कशील परिषद, अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति रायपुर, छत्तीसगढ़ ब्रेकथ्रू साइंस समिति एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा ने संयुक्त रूप से आयोजित किया।



# स्टिक परिणाम के लिए होगा डिजिटल मूल्यांकन

## पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ क्षेत्रीय कार्यालयों में ही लागू होगा नया नियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) इस सत्र से एक नया नियम लागू करने जा रहा है। वर्ष 2026 बोर्ड एग्जाम 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का डिजिटल मूल्यांकन किया जायेगा। हालांकि, बोर्ड की ओर से अभी केवल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ क्षेत्रीय कार्यालयों और चुनिंदा विषयों में ही डिजिटल मूल्यांकन किया जायेगा। यदि पायलट प्रोजेक्ट सफल रहता है तो इसे आगे सभी केंद्रों पर लागू करने का निर्णय लिया जायेगा।

बोर्ड की ओर इस प्रोजेक्ट को इसलिए शुरू किया जा रहा है ताकि परीक्षा होने के बाद तेजी से कॉपियों का मूल्यांकन हो सके और रिजल्ट भी जल्द जारी किया जा सके। सीबीएसई बोर्ड की ओर से यह अहम फैसला हाल ही में हुई गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिया गया है।

**पहले 2014 में हो चुका प्रयोग**

आपको बता दें कि सीबीएसई की ओर से इससे पहले वर्ष 2014 में 10वीं और 2015 में 12वीं की परीक्षाओं के कुछ विषयों में कॉपियों की जांच डिजिटल रूप से कराई गई थी। लेकिन तब इस प्रयोग को बहुत सीमित स्तर पर किया गया था। अब इसे बड़े पैमाने पर लागू करने का निर्देश दिया गया है। बोर्ड की कॉपियों का डिजिटल मूल्यांकन की जिम्मेदारी सरकार की ओर से एजेंसियों को दी जाएगी। बोर्ड के अनुसार ने डिजिटल मूल्यांकन की जिम्मेदारी केवल उन्हीं एजेंसियों को दी जाएगी, जिन्हें पहले से बोर्ड या किसी सरकारी संस्था की परीक्षाओं के मूल्यांकन का अनुभव हो जिससे कि जांच की प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित, विश्वसनीय और त्रुटिरहित हो।

### 75 फीसदी अटेंडेंस जरूरी

वहीं बोर्ड की ओर से एक अन्य नोटिफिकेशन जारी कर सूचना दी गई है कि बोर्ड एग्जाम में भाग लेने के लिए स्टूडेंट्स की स्कूल में न्यूनतम 75 फीसदी अटेंडेंस होना अनिवार्य है। 75 फीसदी उपस्थिति के बिना छात्रों को बोर्ड एग्जाम देने से रोक दिया जायेगा। ऐसे में छात्रों को अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है ताकि एग्जाम के समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। हालांकि मेडिकल इमरजेंसी, नेशनल या इंटरनेशनल खेल आयोजनों में भागीदारी और अन्य गंभीर कारणों जैसे आपातकालीन मामलों में छात्रों को छूट दी जा सकती है।

*ई आफिस प्रणाली लाने की तैयारी*

# नगर निगम हो रहा हाईटेक, न चिट्ठी गुमेगी न फाइल के इधर-उधर होने की टेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




नगर निगम अपने विभागीय कार्यों में कसावट लाने और कार्यों को कम समय में पूरा करने ई आफिस प्रणाली लागू करने की तैयारी में है। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर इसके संचालन के लिए विभाग प्रमुख सहित संबंधित विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस नई प्रणाली से सभी विभागों के प्रमुख के डिजिटल सिग्नेचर ऑनलाइन कर विभागीय पत्र, नोटशीट और आवश्यक दस्तावेजों को डिजिटलाइज्ड कर अन्य विभागों में भेजा जा सकेगा। इससे नस्ती को आगे बढ़ाने एवं विभागीय कार्य को कम समय में किया जाना आसान होगा। कुल मिलाकर इस नए सिस्टम से नगर निगम का कार्य पेपरलेस हो जाएगा।

राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप महात्मा गांधी सदन और नगर निगम के सभी जोन कार्यालयों में आने वाले दिनों में ई आफिस प्रणाली लागू होगी। इससे जहां नगर निगम से जुड़े अहम कार्य मेनुअल की जगह पेपरलेस हो जाएंगे, वहीं निगम मुख्यालय व जोन दफ्तर में न चिट्ठी गुमने की शिकायत रहेगी, न ही विभागीय फाइल के इधर-उधर होने अंदेशा रहेगा।

कुल मिलाकर पूरी कार्यालयीन प्रक्रिया ई आफिस के माध्यम से संचालित होगी। इससे कम समय में पारदर्शिता के साथ विभिन्न विभागों के कार्य संचालन में मदद होगी। वहीं इसकी मानिटरिंग आसान हो जाएगी। विदित हो कि संचालनालय और मंत्रालय जैसे दफ्तरों में 1 माह पूर्व से ही यह कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अब प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में ई आफिस प्रणाली जल्द लागू होगी।

### ई आफिस प्रणाली पर चल रहा काम

सरकार की मंशा अनुरूप विभागीय कार्यों में कसावट लाने ई आफिस प्रणाली नगर निगम में जल्द लागू होगी। इसकी तैयारी चल रही है। निगम आयुक्त के निर्देश पर संचालन के लिए संबंधित विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। एनआईसी की टीम इस कार्य का प्रशिक्षण प्रदान करेगी।

- **मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर

### *आयुक्त से लेकर विभाग प्रमुखवार की लॉग इन आईडी तैयार*

*सूत्रों के मुताबिक महात्मा गांधी सदन और जोन दफ्तरों में ई आफिस कंसेप्ट लाने से पूर्व एनआईसी ने निगम आयुक्त से लेकर विभाग अध्यक्ष, अपर आयुक्त, उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, दस जोन के कमिश्नर, स्वास्थ्य अधिकारी, एआरओ की लॉग इन आईडी तैयार की है। निगम का आईटी सेल जल्द ही एनआईसी से मिलकर निगम के संबंधित अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करेगा।*

### *लंबित नहीं होगी फाइल, मिनटों में पता चल जाएगा कहां और कब अटकी फाइल, सभी फाइल ऑनलाइन चलेगी*

*नगर निगम के विभिन्न विभागों के कामकाज से जुड़ी फाइलें मेनुअल की जगह अब ऑनलाइन चलेंगी। पुरानी फाइलों को डार्क स्कैन कर सिस्टम में अपलोड करने की तैयारी है। इससे आने वाले दिनों में किसी भी फाइल को मिनटों में ऑनलाइन स्क्रीन पर देखा जा सकेगा। यही नहीं, ई आफिस प्रणाली लागू होने से तत्काल यह पता चल जाएगा कि कौन सी फाइल किसने लंबित कर रखी है, इसकी मानिटरिंग का कार्य अब आसान हो जाएगा। नई फाइलें तत्काल ऑनलाइन करने के इस सिस्टम से कार्य में पारदर्शिता आएगी।*

## इस माह के अंत में या अगले माह के पहले सप्ताह में बड़ी बैठक की तैयारी

# भाजपा के मंडल और जिला अध्यक्षों को राष्ट्रीय नेता देंगे मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



प्रदेश भाजपा संगठन में बूथ से लेकर मंडल, जिला और प्रदेश स्तर पर संगठन में बड़ा बदलाव हो गया है। ज्यादातर मंडलों के साथ एक जिले रायपुर ग्रामीण को छोड़कर बाकी सभी जिलों में नए जिलाध्यक्ष बन गए हैं। अब मंडलों की जहां कार्यकारिणी बन गई है, वहीं अब जिलों की कार्यकारिणी बनाने की कवायद चल रही है। आधे से ज्यादा जिलों की कार्यकारिणी बन भी गई है। प्रदेश संगठन की कार्यकारिणी का भी ऐलान हो गया है। अब सभी 476 मंडलों और भाजपा के 36 संगठन जिलों के अध्यक्षों को बुलाकर राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बड़ी बैठक करने की तैयारी है। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय नेता और प्रदेश के वरिष्ठ नेता नए पदाधिकारियों को मार्गदर्शन देंगे। बैठक इस माह के अंत में या फिर अगले माह के पहले सप्ताह में होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विदेश प्रवास पर गए हैं, ऐसे में उनके लौटने के बाद ही बैठक होने की संभावना है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश संगठन ने पहले सदस्यता अभियान चलाकर रिकॉर्ड 60 लाख सदस्य बनाने का काम किया। इसके बाद पहले बूथों के चुनाव कराए गए। भाजपा के पहले 405 मंडल थे। इसमें 71 और नए मंडल बनाकर मंडलों की संख्या 476 कर दी गई है। इसी के साथ 35 संगठन जिलों में एक बिलासपुर ग्रामीण जिला बनाकर इनकी संख्या को 36 कर दिया गया है। प्रदेश संगठन ने मंडलों के साथ ही जिलों में भी जिलाध्यक्षों के पदों पर नए चेहरों को मौका दिया है।

### आएंगे राष्ट्रीय नेता

प्रदेश संगठन की नई कार्यकारिणी बनने के बाद अब प्रदेश संगठन प्रदेश स्तर की एक बड़ी बैठक कराने की तैयारी कर रहा है। वैसे तो पहले बैठक को 29 अगस्त को कराने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन अब चूंकि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विदेश प्रवास पर चले गए हैं, तो उनके लौटने पर ही यह बैठक होगी, ऐसा कहा जा रहा है। वैसे राष्ट्रीय नेताओं का समय मिलने पर इस माह के अंत में भी बैठक के होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के साथ ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय का मार्गदर्शन मिलेगा। अगर मुख्यमंत्री के लौटने के बाद बैठक होती है तो उनका भी मार्गदर्शन सभी नए पदाधिकारियों को मिलेगा। बैठक में प्रदेश संगठन के भी सभी पदाधिकारी रहेंगे। प्रदेश कार्यकारिणी में भी करीब दो दर्जन नए चेहरों को पद दिए गए हैं।

# पीड़ितों को न्याय दिलाने गांड़ा महासभा ने निकाला 'न्याय मार्च'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



गांड़ा समाज की केंद्रीय संस्था गांड़ा महासभा द्वारा धमतरी ट्रिपल मर्डर कांड में पीड़ितों को न्याय दिलाने राजधानी रायपुर में न्याय मार्च निकाला गया। गुरुवार को दोपहर 3 बजे गांड़ा समाज के सैकड़ों सदस्यों ने घड़ी चौक स्थित आंबेडकर चौक से राजभवन तक एक शांतिपूर्ण मार्च निकाला। मार्च के दौरान समाज के सदस्यों ने पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की।

मार्च के अंत में समाज के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में कई मांगें रखी गईं, जिसमें पीड़ित परिवारों को 50-50 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए। मृतकों के आश्रित परिजनों को शासकीय नौकरी प्रदान की जाए। इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से की जाए। दोषियों को मृत्युदंड की सजा दी जाए। इस दौरान सामाजिक न्याय कार्यकर्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, समाज ने तीन युवकों को खोया है, यह सिर्फ तीन पीड़ित परिवारों की क्षति नहीं, बल्कि पूरे समाज की क्षति है। इस घटना के बाद हमारा समाज दुख और शोक में डूबा हुआ है और समाज में रोष व्याप्त है। सरकार पीड़ित परिवार के साथ न्याय करे और उनकी मांगों को पूरा करे। प्रतिनिधि पीड़ित परिवार से नहीं मिला। यह हमारे दबे-कुचले गरीब समाज के साथ भेदभाव और उपेक्षा है।